रोहतक
शुक्रवार, 3 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 28, अंक : 96
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.3
न्यून. 15.3

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



05 भारत ने बांग्लादेश से जीती सीरीज, टी20 में बनाई 3-0 की अजेय बढ़त



All-India Edition

May, 2024

BEATING THE ODDS NATIONWIDE:
1 OUT OF EVERY 2 ALLEN APP STUDENTS QUALIFIES FOR JEE ADVANCED'24

14 Lakh JEE Applicants, only a fifth get through

The fiercely competitive entrance examination was fielded by over 14 lakh students this year. Results indicate that about 18% of them qualified for JEE Advanced, and the hope of a coveted college seat.

The annual JEE serves as a pivotal moment for countless young minds every academic year. Dreams are fulfilled, futures are secured. A success rate of about 18% however indicates that the odds are not in their favour, and paints a

ALLEN Leads The AI-ducation Charge

The ALLEN App is swiftly emerging as a popular choice for students across the country, regardless of their age or their field of study. At the heart of this rapid growth lies their proprietary AI powered learning experience.

The chief advantage offered by artificial intelligence in this scenario is the immense personalisation offered to each student. The ALLEN app has the ability to adapt and cater to the unique learning needs of each individual, harnessing the power of AI to deliver tailored study plans, practice exercises, and real-time feedback.

ALLEN Students Outperform Again!

In another extraordinary showing, 17,000 ALLEN students who used the ALLEN App cleared the Joint Entrance Examination this year. The institute reported that the qualification rate of students who used the ALLEN app is more than double the national average of about 18%.

Celebrations began the moment the results were announced and were still continuing when this report was filed. The institute assures us that it will be business as usual from tomorrow, claiming that continued excellence requires academic rigour.

ALLEN Top Ranker Believes Online Was The Right Choice

Garv Chaudha, an ALLEN Online Program student from Madhya Pradesh, secured an AIR of 137. Garv says, "Initially, I did not want to leave my home and school, so I joined ALLEN Online. After the first week of classes, I was sure I had made the right decision. The teachers taught very effectively using animations, which made many things perfectly clear. Whenever we had doubts, we could clear it with our teacher without fear. ALLEN's efficient doubt system allowed us to ask doubts at any time of the day. We had access to doubts at any time of the day. We had access to our classes, which were recorded 24/7 throughout the program. ALLEN Online has a very unique way of preparing for competitive exams."



ALLEN

+91-9513736499
www.allen.in

Disclaimer: This is not an actual newspaper article and is created by ALLEN purely for representational purposes only. The claim numbers have been rounded off for marketing purposes. We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing.

ALLEN Online Programs

| NEET(UG) | JEE | Foundation JEE-NEET (Class 6 to 10) |
|---|---|---|
| Crafted by Kota's top faculty \| Optimised for speed, accuracy and memory retention | Preps you for quick problem-solving & in-depth subject knowledge | Start early to beat the odds |

Test Series
Test Series that mirror real JEE & NEET exam patterns | Benchmark with AIRs | Boost your practice with the ALLEN App

Hurry!
Admissions open.
Batches starting soon!

Scan code to register FOR FREE






**भाजपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची**

# पीएम मोदी, नड्डा, अमित शाह सहित यूपी एमपी व राजस्थान के सीएम करेंगे प्रचार

## रैलियां, रोड शो और जनसभाएं कर जनसमर्थन जुटाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



लोकसभा चुनाव के लिए सबसे पहले प्रत्याशियों की घोषणा करने वाली भाजपा स्टार प्रचारक घोषित करने में भी कांग्रेस और अन्य दूसरे दलों पर भारी पड़ी है। लोकसभा चुनाव और करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जो हरियाणा में रोड-शो, रैलियां और जनसभाएं कर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ पांच राज्यों के मुख्यमंत्री हरियाणा में स्टार प्रचारक होंगे। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश सीएम मोहन यादव, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के साथ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, भूपेंद्र यादव, स्मृति ईरानी, बॉलीवुड अदाकारा हेमा मालिनी, मनजिंद्र सिंह सिरसा, सुधा यादव, हरियाणा भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, डॉ. सतीश पूनिया, सुरेंद्र नागर, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को स्टार प्रचारकों में शामिल किया है।कुरुक्षेत्र प्रत्याशी नवीन जिंदल, पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई, राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और राव इंद्रजीत सिंह, फणींद्र नाथ शर्मा, पूर्व मंत्री अनिल विज, कैप्टन अभिमन्यु और रामबिलास शर्मा, नायब सरकार में मंत्री कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, जेपी दलाल, डॉ. बनवारी लाल, सुभाष सुधा, सीमा त्रिखा और बिशंभर वाल्मीकि, विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा, रामचंद्र जांगड़ा, सुनीता दुग्गल और सिरसा से प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर स्टार प्रचारक के रूप में मोर्चा संभालेंगे।

# चुनाव ड्यूटी के दौरान हिंसा में कर्मचारी की मृत्यु व दिव्यांग होने पर सहायता मिलेगी

## परिवारों को एक्सग्रेशिया के तहत वित्तीय सहायता मिलेगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



- हिंसा में मृत्यु होने पर 30 लाख दिए जाएंगे
- ड्यूटी पर किसी अन्य कारणों से मृत्यु हो जाने पर 15 लाख मिलेंगे

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि चुनाव ड्यूटी के दौरान पोलिंग/सुरक्षा कर्मियों के परिवारों को एक्सग्रेशिया के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। ड्यूटी के दौरान हिंसक घटनाओं, बम ब्लास्ट या आतंकवादी घटनाओं या गोलीबारी इत्यादि के कारण मृत्यु हो जाने पर परिवारजन को 30 लाख रुपये दिये जाएंगे। इसी प्रकार, ड्यूटी पर किसी अन्य कारणों से मृत्यु हो जाने पर 15 लाख रुपये, असामाजिक तत्वों के हमले के कारण कर्मचारी के स्थायी दिव्यांगता होने पर परिवारजन को 15 लाख रुपये तथा शरीर के किसी अंग या आंखों की दृष्टि जाने की स्थिति में 7.5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता परिवारजनों को प्रदान की जाएगी। अनुराग अग्रवाल ने बताया कि चुनाव ड्यूटी के दौरान दी जाने वाली यह एक्सग्रेशिया राशि केंद्रीय गृह मंत्रालय या राज्य सरकार या अन्य नियोक्ता द्वारा दी जाने वाले अनुकंपा राशि से अतिरिक्त होगी। उन्होंने बताया कि अनुकंपा राशि की प्रक्रिया शुरू करने की जिम्मेवारी जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक की होगी और कर्मचारी की मृत्यु, दिव्यांगता इत्यादि होने की घटना की तिथि से 10 दिन के अंदर-अंदर आरंभ करनी होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा 1 माह के भीतर संबंधित मामले का निपटान सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पोलिंग कर्मियों के लिए ट्रेनिंग केंद्र, डिस्पैच तथा रिसिविंग केंद्रों पर स्वास्थ्य देखभाल, फर्स्ट-ऐड इत्यादि की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी और डॉक्टर व पैरा मेडिकल स्टाफ युक्त एक एंबुलेंस की भी व्यवस्था होगी। साथ ही, सभी जिला निर्वाचन अधिकारी चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के वेलफेयर व अन्य सुविधाओं के लिए किसी वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे।

**सियासी हलचल**

## आज जेजेपी के तीन लोकसभा प्रत्याशी करेंगे नामांकन

**चंडीगढ़।** शुक्रवार तीन मई को जननायक जनता पार्टी के तीन लोकसभा उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र जमा करवाएंगे। सिरसा में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला व जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला की मौजूदगी में स्थानीय जेजेपी प्रत्याशी पूर्व विधायक रमेश खटक अपना नामांकन भरेंगे। वहीं पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला कुरुक्षेत्र में जेजेपी उम्मीदवार पालाराम सैनी और अंबाला में जेजेपी प्रत्याशी डॉ किरण पूनिया का नामांकन भरवाएंगे। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला उकलाना हलके में विभिन्न गांवों का दौरा भी करेंगे। वे यहां बधावड़, ढाड, ब्याना खेड़ा, पनिहारी, सौथा, भाडा, सरसाना, ज्ञानपुरा व खरक पूनिया में हिसार लोकसभा से जेजेपी प्रत्याशी नैना सिंह चौटाला के लिए ग्रामीणों से वोट की अपील करेंगे। वहीं जेजेपी उम्मीदवार नैना सिंह चौटाला आदमपुर हलके में ग्रामीणों से रूबरू होंगी।

## उम्मीदवार को खुलवाना होगा अलग बैंक खाता : आयोग

**पंचकूला।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यश गर्ग ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव - 2024 में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को एक अलग बैंक खाता खुलवाना होगा। चुनाव से संबंधित खर्च केवल इसी खाते के माध्यम से किया जा सकता है। प्रत्येक उम्मीदवार अधिकतम 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकता है। उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ने वाले अभ्यार्थी चुनावी खर्च चैक, ड्राफ्ट एवं अन्य इलेक्ट्रोनिक मोड़ यानी आरटीजीएस या एनईएफटी के माध्यम से ही करना सुनिश्चित करेंगे।

**टिकटों का बंटवारा बढ़ा सकता है मुसीबत**


# विस से पहले लोकसभा चुनाव में होगी हुड्डा की 'अग्निपरीक्षा'

## लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों के चयन में हुड्डा गुट सब पर भारी

## परिणाम विपरीत आने पर एसआरके गुट अपना पल्ला झाड़ सकता है

मनोज भल्ला ▶▶ रोहतक

हिट एंड रन का राजनीतिक खेल खेलने वाले भूपेंद्र हुड्डा भले ही अपने विरोधियों को रास्ते से हटाने में कामयाब हो गए हों लेकिन 2024 का लोकसभा चुनाव उनके लिए भी अंतिम सेमीफानल मैच है। टिकट बंटवारे का सारा क्रेडिट लेने के बाद अब लोकसभा चुनाव में उन पर अच्छा प्रदर्शन करने का जबरदस्त दबाव बना रहेगा। यदि इस बार भी कांग्रेस लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने से चूक गई तो एसआरके गुट सारा ब्लैम हुड्डा गुट पर डालने में कामयाब हो जाएगा और भूपेंद्र हुड्डा को आगामी विधानसभा चुनाव में सीएम का चेहरा नहीं बनने देगा। सच तो यह है कि भूपेंद्र हुड्डा की तरह एसआरके गुट के लिए भी लोकसभा चुनाव से ज्यादा महत्वपूर्ण चुनाव विधानसभा के हैं। अपने बच्चों की टिकट कटने के बाद



किरण चौधरी और बीरेंद्र सिंह भी इसी बात का संकेत दे चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 10 में से एक भी सीट जीत नहीं पाई थी। उस समय मोदी लहर के सैलाब में खुद भूपेंद्र हुड्डा भी तिनके की तरह बह गए थे। भाजपा ने उनके अभेद किले रोहतक औा सानीपत में भगवा फहराते हुए पिता पुत्र दोनों को परास्त कर दिया था। भूपेंद्र हुड्डा पर पूरे हरियाणा की लोकसभा सीटों के साथ साथ अपने पुत्र दीपेंद्र हुड्डा की रोहतक सीट का भी दबाव रहेगा। पिछले पांच वर्षों में भजपा के पंडित जी ने जाटलैंड माने जाने वाले रोहतक में अपनी जबर्दस्त पकड़ कायम कर ली है। यदि दीपेंद्र हुड्डा इस बार भी हार गए तो पिता पुत्र की मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षाएं इतिहास बन जाएंगी।

लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर किए गए शक्ति प्रदर्शन से भूपेंद्र हुड्डा अपने विरोधियों को यह संकेत देने में सफल रहे हैं कि वे प्रदेश कांग्रेस में सीएम के एकमात्र चेहरे हैं। हाई कमान उनकी मुट्ठी में है जिसके कारण वे अपने हर विरोधी को छठी का दूध याद दिलाने की ताकत रखते हैं। उन्होंने यह करिश्मा कर भी दिखाया है जिसके गवाह बने हैं किरण चौधरी, वीरेंद्र सिंह और अब कैप्टन अजय यादव। एसआरके गुट की नाराजगी और हाईकमान द्वारा करवाए गए कथित सर्वे की परवाह न करते हुए कांग्रेस आलाकमान ने उन्हीं नेताओं के नाम पर मोहर लगाई जो भूपेंद्र हुड्डा की गुड लिस्ट में थे। विरोधी गुट की लाख कोशिशों के बावजूद हुड्डा के आगे किसी की नहीं चली।

### विरोधी गुट सक्रिय

दो बार मुख्यमंत्री रह चुके भूपेंद्र हुड्डा जब चुनाव से कुछ महीने ईडी के दफ्तर गए थे तो हुड्डा विरोधी गुट को लगा था कि वे कमजोर हो जाएंगे। 7 घंटे की कड़ी पूछताछ के बाद जब हुड्डा साहब मुस्कुराते हुए बाहर आए तो विरोधी हताश हो गए। इसके बाद टिकट बंटवारे में उन्होंने ऐसा शक्ति प्रदर्शन किया कि उनके विरोधी अब तक संभल नहीं पाए हैं। सिरसा को छोड़कर हरियाणा में लोकसभा की जितनी भी सीटें हैं वहां उनके विरोधी भाजपा के बजाय हुड्डा साहब को सबक सिखाने की मंशा पाले बैठे हैं। उन्होंने अपने कई विरोधियों की टिकट यह कहकर कटवा दी कि हारे हुए खिलाड़ियों पर भरोसा करना ठीक नहीं है। हार के बावजूद भूपेंद्र हुड्डा के बेटे दीपेंद्र को रोहतक से टिकट मिल गई लेकिन किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी को भिवानी से टिकट नहीं दी गई। बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह ने हिसार से चुनाव जीता था लेकिन उन्हें भी टिकट नहीं दी गई।

# कैप्टन का टिकट कटने पर चिरंजीव राव का छलका दर्द

**रेवाड़ी।** गुरुग्राम सीट से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कैप्टन अजय सिंह यादव टिकट कटने के बाद हाईकमान के समक्ष अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए चुनाव प्रचार से खुद को अलग रखने की बात कह चुके हैं। उनके बेटे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव चिरंजीव राव ने भी वीरवार को समर्थकों की बैठक में खुलकर नाराजगी तो जताई, लेकिन समर्थकों को पार्टी प्रत्याशी राज बब्बर की खुलकर मदद करने संदेश भी दे दिया। उन्होंने कहा कि समर्थकों को पूरे प्रदेश में कांग्रेस प्रत्याशियों की खुलकर मदद करनी चाहिए।

राज बब्बर को टिकट मिलने के बाद वीरवार को चिरंजीव राव ने अपने समर्थकों की बैठक बुलाई थी। बैठक में गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र के अधीन आने वाले कई हलकों के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं की भीड़ ने



■ विधायक चिरंजीव राव ने समर्थकों की बैठक में किया विचार मंथन

भी कैप्टन अजयसिंह यादव की टिकट कटने पर कांग्रेस हाईकमान के प्रति जमकर गुस्सा उतारा। समर्थकों ने कहा कि इस बार अगर कैप्टन को टिकट मिलती, तो उनकी जीत निश्चित थी। वह खुद कैप्टन की जीत के लिए मैदान में उतरकर मेहनत कर रहे थे। चिरंजीव ने समर्थकों का शांत करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कड़ी मेहनत करने के बाद भी उनके पिता को टिकट से वंचित रख दिया गया।

**फ्लैगमार्च**



**सफीदों।** लोकसभा चुनाव में अमन चैन से शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने को आज सफीदों क्षेत्र में सफीदों पुलिस व आईटीबीपी के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। सफीदों के डीएसपी आशीष कुमार व आईटीबीपी के कमांडेंट धर्मवीर सिंह की अगवानी में पहले नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया

## शिक्षा नहीं, शराब बनी आम आदमी पार्टी की पहचान : नायब सैनी

**चंडीगढ़/ कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के नोमिनेशन समारोह में आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की पहचान आज शिक्षा नहीं शराब बन गई है। अच्छे स्कूल, स्वास्थ्य और ईमानदारी की बात करते हुए कहते थे कि गाड़ी-बंगला नहीं लेंगे, लेकिन आज उनके पास शीशमहल है। केजरीवाल के बयानों पर तंज कसते हुए नायब सैनी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल बोलते थे अगर सोनिया गांधी की ईडी से जांच करवा दी जाए तो वह जेल में होगी, वे ही आज उनसे ही गले मिल रहे हैं।सीएम सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता कुरुक्षेत्र में आकर नशा बंद करने की बात करते हैं, जबकि दिल्ली की गली-गली में शराब की दुकानें खोल दी। यही नहीं महिलाओं के लिए शराब की स्पेशल दुकान खोलने का काम भी इन लोगों ने किया। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि घमंडियां गठबंधन के लोगों की लड़ाई देश को बचाने की नहीं, बल्कि परिवार को बचाने की है।



**हॉट सीट** कैप्टन की नाराजगी का भाजपा को मिल सकता है फायदा


कांग्रेस का अहीर बाहुल्य क्षेत्र में गैर अहीर एकजुट करने पर रहेगा जोर


# गुरुग्राम में मुद्दे गौण, जातिगत समीकरण अदा करेंगे बड़ा रोल

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

गुरुग्राम लोकसभा सीट पर कांग्रेस की टिकट डिक्लेयर होने के बाद राजनीतिक शतरंज की बिसात बिछ चुकी है। कांग्रेस ने सर्वाधिक अहीर मतों वाले इस क्षेत्र में गैर अहीर के रूप में राज बब्बर को मैदान में उतारकर इस बार अपनी चाल बदल दी है। कांग्रेस का प्रयास अहीर बाहुल्य हलकों में अपने परंपरागत वोट के साथ गैर अहीर वोटों के एकीकरण से भाजपा को मात देने का है। गत लोकसभा चुनावों में राव इंद्रजीत सिंह को सीधी टक्कर दे चुके कैप्टन अजय सिंह यादव को मैदान से हटाना कांग्रेस के लिए अहीर बाहुल्य हलकों में घाटे का सौदा साबित हो सकता है।

वर्ष 1971 से पहले गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र मुस्लिम और गैर मुस्लिम प्रत्याशियों की सफलता लगभग फिफ्टी रह चुकी थी। वर्ष 1952 के पहले आम चुनावों में इस सीट पर ठाकुर दास भार्गव कांग्रेस की टिकट पर सांसद





बने थे। वर्ष 1957 में कांग्रेस की टिकट पर मुस्लिम प्रत्याशी के तौर पर अबुल कलाम आजाद ने जीत दर्ज की थी। एक साल बाद हुए उपचुनाव में निर्दलीय प्रकाशवीर शास्त्री भी सांसद बन गए थे। वर्ष 1962 में कांग्रेस की टिकट पर गजराज सिंह यादव चुनाव जीते, तो वर्ष 1967 में निर्दलीय अब्दुल गनी डार ने भी जीत दर्ज की थी। इस सीट पर नए परिसीमन से पहले वर्ष 1971 में हुए आखिरी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की टिकट पर ही तैय्यब हुसैन को संसद पहुंचने का मौका मिला था।

### पंजाबी मतों पर राज बब्बर की नजर

राज बब्बर की पहचान पंजाबी नेता के रूप में होती है। गुरूग्राम में पंजाबी मतदाताओं की संख्या लगभग 2 लाख मानी जा रही है। राज बब्बर सबसे पहले पंजाबी मतों को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रहे हैं। वह निर्दलीय चुनाव लड़ चुके पंजाबी नेता मोहित ग्रोवर से संपर्क साधकर इस मुहिम को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। शहरी क्षेत्र में पंजाबी मतदाताओं का रुझान पूर्व में राव की ओर रहा है। पूर्व सीएम मनोहरलाल राव के पक्ष में पंजाबी मतदाताओं को साधने में मदद कर रहे है।

### अहीरवाल में समीकरण राव के पक्ष में

अगर कांग्रेस गैर अहीर मतों के एकीकरण का प्रयास करती है, अहीर मतों का राव के पक्ष में एकीकृत होना स्वाभाविक होगा। पूर्व में अहीर और गैर अहीर के खेल में बाजी राव ही मारते रहे हैं। अहीर मतों का बिखराव करने में कैप्टन अजय सिंह यादव को काफी हद तक सफलता मिली थी। कैप्टन को टिकट नहीं मिलने से समर्थकों की नाराजगी भी राज बब्बर के लिए अहीर बाहुल्य इलाकों में नुकसान पहुंचा सकती है।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

**SW/JSO/1359**

मनकि कुलदीप कुमार पुत्र रामचन्द्र पुत्र भागमल, निवासी मकान न0 पी–52, दिलीप विहार, नजदीक सूरज सिनेमा, नजफगढ़, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110043 एवं बिस्वेदार गाँव लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार खेवट न0 139/101, खाता न0 142, मु0 न0 16, किला न0 21/2 (6–0), 22(7–11), 23(7–11), 24(7–11), 25/2(5–2), मु0 न0 27, किला न0 2/2(5–0), 3(8–0), 4(8–0), किते 8, तादादी रकबा 54 कनाल 15 मरले का 1/18 भाग, बकदर 3 कनाल 0.83 मरला (0.3801875 एकड़) वाका रकबा मौजा लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 16, किला न0 24 मिन मध्य (0–10.83), मु0न0 27, किला न0 4 मिन उत्तर मध्य (2–10), किते 2, तादादी रकबा 3 कनाल 0.83 मरला (0.3801875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

**SW/JSO/1355+1357**

हमकि (1) महेश पुत्र किशोरीलाल पुत्र अमरसिहं, निवासी गाँव दादरी तोए, तहसील बादली, जिला झज्जर व (2) श्रीमति किरण पुत्री किशोरीलाल पुत्र अमरसिहं एवं हाल आबाद किरण पत्नी नरेन्द्र सोलंकी, निवासी मकान न0 आर.जेड.–429, गली न0 11, पश्चिमी कैलाशपुरी, पालम कॉलोनी, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110045 एवं उपरोक्त बिस्वेदारान गाँव दादरी तोए, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2020–21, के अनुसार खेवट न0 214/193, खाता न0 219, मु0 न0 99, किला न0 9/3 (2–2), 10(8–0), किते 2, तादादी रकबा 10 कनाल 2 मरले का 1/2 भाग, बकदर 5 कनाल 1 मरला (जिसमें महेश 1/4 भाग व किरण 1/4 भाग) के मालिकान व काबिजान हैं जिसमें से कुल रकबे का 9581/20200 भाग, बकदर 4 कनाल 15.81 मरले (जिसमें महेश 1/4 भाग व किरण 4531/20200 भाग) व खेवट न0 355/342, खाता न0 363, मु0 न0 99, किला न0 14/2(0–1), 17/2(0–8), किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 9 मरले का 8/81 भाग, बकदर 0 कनाल 0.88 मरले (जिसमें महेश 4/81 भाग व किरण 4/81 भाग) व खेवट न0 625/583, खाता न0 656, मु0 न0 99, किला न0 17/1/1(4–14), किता 1, तादादी रकबा 4 कनाल 14 मरले का 267/418 भाग, बकदर 3 कनाल 0.04 मरला (जिसमें महेश 325/836 भाग व किरण 1/4 भाग) व खेवट न0 656/611, खाता न0 690, मु0 न0 99, किला न0 16/2(7–2), किता 1, तादादी रकबा 7 कनाल 2 मरले का 267/418 भाग, बकदर 4 कनाल 10.70 मरला (जिसमें महेश 325/836 भाग व किरण 1/4 भाग) व खेवट न0 1020/958 खाता न0 1058, मु0 न0 99, किला न0 1/1/2(4–9), किता 1, तादादी रकबा 4 कनाल 9 मरले का 267/418 भाग, बकदर 2 कनाल 16.84 मरले (जिसमें महेश 325/836 भाग व किरण 1/4 भाग) व खेवट न0 1050/1000, खाता न0 1090, मु0 न0 93, किला न0 4/2(0–13), 7/1(6–4) किते 2, तादादी रकबा 6 कनाल 17 मरले का 1/2 भाग, बकदर 3 कनाल 8.5 मरले व खेवट न0 1054/1004, खाता न0 1094, मु0 न0 94, किला न0 11/2(2–18), 18/2(0–13), 19(8–0), 20(7–8), 21/2(2–4), 22(8–0), 23(8–0) किते 7, तादादी रकबा 37 कनाल 3 मरले का 1/2 भाग, बकदर 18 कनाल 11.5 मरले, उपरोक्त दोनों खेवटों से तादादी रकबा 22 कनाल 0 मरला (जिसमें महेश मालिक व काबिज है) उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 37 कनाल 4.27 मरले (4.6516875 एकड़) वाका रकबा मौजा दादरी तोए, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 94, किला न0 18/2(0–13), 22 मिन पूर्व (2–3.39), 23(8–0), मु0न0 99, किला न0 1/1/2(4–9), 9/3(2–2), 10(8–0), 16/2 (7–2), 17/1/1(4–14) किते 8, तादादी रकबा 37 कनाल 3.39 मरले व खेवट न0 355/342, खाता न0 363, किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 9 मरले का 8/81 भाग, बकदर 0 कनाल 0.88 मरले, कुल तादादी रकबा 37 कनाल 4.27 मरले (4.6516875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 02.05.2024

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के विजेताओं के नाम

### सुनिश्चित पुरस्कार

551. रमेश कुमार यादव सुपुत्र श्री हरिसिंह यादव जहाजगढ़ तहसील बेरी, झज्जर 124103, 552. सुनिल कुमार सुपुत्र श्री रामकिशन सुमन सिटी सेक्टर-7 झज्जर 124103, 553. सतीश कुमार सुपुत्र छत्तरसिंह गांव नूना माजरा, बहादुरगढ़, झज्जर 124507, 554. हवासिंह सुपुत्र श्री करणीराम गांव व डा. गोयला कलां, बादली, झज्जर, 555. प्रवीन सुपुत्र सत्यवीर जहाजगढ़, बेरी, झज्जर 124103, 556. राजेश सुपुत्र जयपाल गांव खरैंटी तहसील महम जिला रोहतक 124533, 557. रामनिवास सुपुत्र स्व. सरजीत सिंह गांव व डा. बरहाना (गूगनान), बेरी, झज्जर 124107, 558. मन्नू कुमारी सुपुत्री श्री सुरेश कुमार विकास नगर, झज्जर 124103, 559. श्री जितेंद्र सुपुत्र श्री प्रकाश चंद वार्ड नं. 18 सुभाष नगर, झज्जर 124103, 560. महेंद्र सिंह सुपुत्र केशरी सिंह भालौठ, रोहतक 124001, 561. यश श्योराण सुपुत्र श्री नरेंद्र क्वा.नं. 67डी पुलिस लाइन नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 562. पृथ्वीसिंह सुपुत्र चतर सिंह म.नं. 720/7 राजेंद्र कॉलोनी, उचाना मंडी, उचाना, जींद 126115, 563. सुरेंद्र सुपुत्र ईश्वर गांव करसौला तहसील जुलाना, जींद 126101, 564. आरती वर्मा पत्नी अभिषेक शर्मा, म.न. 360/5, गली नं. 1 फ्रेंड्स कॉलोनी, बहादुरगढ़, झज्जर पिन 124507, 565. शारदा पत्नी श्री ईश्वर सिंह गांव खेड़ा तहसील कनीना महेंद्रगढ़ 123034, 566. श्री रमेश चावला सुपुत्र श्री मदनलाल चावला 365/2 इंदिरा कॉलोनी, रोहतक 124001, 567. राजकुमार पत्नी मंजू 150 न्यू राजेंद्रा नगर रोहतक 124001, 568. कृष्ण कुमार सोनी सुपुत्र प्रहलाद राय सोनी पताः भडफ जिला महेंद्रगढ, 569. रिया जैन सुपुत्री अनिल जैन, वर्धमान हैंडलूम, रेलवे रोड, सफीदों, जींद 126112, 570. औमप्रकाश सुपुत्र श्री बनवारी लाल पताः वार्ड न, 08 नहर के पास कनीना मंडी, 571. निधि सुपुत्री स्व. श्री सुशील कुमार 26/11 नेहरू कॉलोनी, रोहतक 124001, 572. स्वर्ण लता सुपुत्री हरीश कुमार 709/2 रोहतक 124001, 573. सचिन बधवा सुपुत्र शशि रानी म.नं. ई-205 नया बाजार घरौंडा, करनाल 132114, 574. नीतू सिंधवानी पत्नी राकेश सिंधवानी 624/24 डीएलएफ कॉलोनी, रोहतक 124001, 575. अजीत सुपुत्र नफे सिंह, गांव व डा. करसोला तहसील जुलाना 126101, 576. पुनम पत्नी प्रदीप कुमार सर छोटूराम नगर सुखपुरा चौक के पास, रोहतक 124001, 577. पंकज सुपुत्र तरशोक कुमार पटेल नगर, रेलवे रोड, जींद 126102, 578. हरिओम सुपुत्र रामचंद्र, जुलाना, जींद 126101, 579. महेंद्र सिंह सुपुत्र भूलाराम गांव हूंमायूंपुर झज्जर, 124146, 580. मोतीलाल प्रजापत सुपुत्र लखपती गांव पोशर मांदी, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 581. दीपक सुपुत्र श्री वेद प्रकाश 917/7 राजन गली, बड़ा बाजार रोहतक 124001, 582. अमित सुपुत्र विजेंद्र पता जय जैयवन्ती तहसील जुलाना, जींद , 583. प्रेम बाबू सुपुत्र शंकर लाल इंद्रा कॉलोनी म. नं. 25/2 पार्क के पास, रोहतक 124001, 584. रेखा पत्नी अमित गांव, डा. व तहसील जुलाना, जींद 126101, 585. मनीष सुपुत्र देव कुमार नेहरू कॉलोनी, रोहतक 124001, 586. संदीप कुमार सुपुत्र श्री राजवीर सिंह गांव कुलासी, बहादुरगढ़, झज्जर, पिन 124505, 587. श्री अतुल्य नांदल सुपुत्र श्री विशाल, 169ए, गली नं. 2, शास्त्री कॉलोनी, सोनीपत, 588. श्री सोमबीर सुपुत्र श्री सत्यनारायण, जीजू बाला जौहार, भिवानी, 589. श्री रामभतेरी सुपुत्र श्री शोशपाल, गांव व डा. मानहेरू, भिवानी, 590. श्री भाग्येश सुपुत्र राधेश्याम, मकान नं. 15/2, गली नं. 3, पटेल नगर, हिसार, 591. श्री राहुल सुपुत्र श्री धूप सिंह, गांव व डा. देवसर, भिवानी, 592. श्री विजय कुमार, म.नं. 208/18, तह. गोहाना, सोनीपत, 593. श्री विकास सुपुत्र श्री वेदप्रकाश, पुराना बस स्टैंड, भिवानी, 594. श्री लाजवंती सुपुत्री श्रीमतित डोली, म. नं. 1, सेक्टर 13, भिवानी, 595. श्री महाबीर सिंह सुपुत्र स्व. श्री रत्न सिंह गांव व पो. भैय्यापुर, सोनीपत, 596. रणधीर सिंह सुपुत्र भोलाराम म.नं. 6 वार्ड नं. 8 डेयरी मोहल्ला रोहतक 124001, 597. श्री नरेश कुमार सुपुत्र श्री कश्मीरी लाल, अशोक नगर, सोनीपत, 598. श्री नैतिक सुपुत्र श्री संदीप कुमार, जीतू बाला नौहड, नियर विकास हाई स्कूल, भिवानी, 599. श्री राजकुमार सुपुत्र श्री बेगराज, जैन चौक तेलीवाडा, भिवानी, 600. श्री विदित ऐलावादी पत्नी श्री सचिन ऐलावादी, म.नं. 54, चार मरला निकट राम प्रेस, सोनीपत।

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 10 मई से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 5 तक के हरियाणा के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 6 से 10 एवं गारंटी उपहार के हरियाणा के विजेताओं को सम्बन्धित हरिभूमि कार्यालय / सम्बन्धित अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. 20,000 या 20,000 से अधिक मूल्य के पुरस्कार पर पाठक को टी.डी.एस. के रूप में 30% का भुगतान जमा करना होगा।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019, 9253681020

रोहतक
शुक्रवार, 3 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 28, अंक : 96
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.3
न्यून. 15.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




07 भारत जोड़ो यात्रा का समापन 4 जून को कांग्रेस ढूंढो यात्रा से होगा : शाह




## गुजरात में पीएम मोदी गरजे तो राहुल ने भी किया पलटवार

आणंद में बोले-यहां कांग्रेस मर रही, वहां पड़ोसी देश रो रहा ये हिंदुओं को बांट रहे

# पाकिस्तान चाहता है कांग्रेस का शहजादा प्रधानमंत्री बने




## इनका घोषणा पत्र मुस्लिम लीग की भाषा में लिखा

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र ने गरुवार को गुजरात से कांग्रेस पर तीखे हमले किए। मोदी ने आणंद की जनसभा में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। यहां कांग्रेस मर रही है तो वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए पाकिस्तान के आका दुआ कर रहे हैं। शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। पाकिस्तान और कांग्रेस की यह पार्टनरशिप पूरी तरह एक्सपोज हो गई है।' मोदी ने कहा कि एक मजबूत और स्थिर सरकार न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी महत्वपूर्ण है। 'ये चुनाव मेरी महत्वाकांक्षा के लिए नहीं हैं, क्योंकि लोगों ने 2014 में उस महत्वाकांक्षा को पूरा किया है। 2024 का चुनाव मोदी के मिशन के लिए है।' विपक्षी कांग्रेस पर खतरनाक मानसिकता रखने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि इसका घोषणापत्र मुस्लिम लीग की भाषा में लिखा गया है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस के लिए यह चुनाव अपना अस्तित्व बचाने के लिए है और इसके वास्ते वह अपने 'मजहबी वोट बैंक' की मदद ले रही है।

### रॉन्ग डिलीवरी करने वाली पार्टी है कांग्रेस



मोदी ने सुरेंद्रनगर में कहा- कांग्रेस हमेशा रॉन्ग डिलीवरी करने वाली पार्टी रही है। देश को आजादी दिलवाने की जगह उन्होंने देश को ही विभाजित कर दिया। देश का विकास करने के बजाय उन्होंने जो कुछ था, उसे ही लूट लिया। गरीबों का पैसा कांग्रेस के खजाने में पहुंच गया। आज ये पार्टी राम और शिव भक्तों को आपस में लड़ाना चाहती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भगवान राम और भगवान शिव को लेकर एक खतरनाक बयान दिया था। ये हिंदू समाज को बांटने का खेल खेल रहे हैं। राम भक्तों और शिव भक्तों को आपस में लड़ाना चाहते हैं, लेकिन हमारी हजारों साल की महान परंपरा को कोई नहीं तोड़ सकता। मुगल नहीं तोड़ पाए तो अब कांग्रेस हमें तोड़ना चाहती है।

### 370 हटाकर सरदार को दी श्रद्धांजलि

कांग्रेस के शहजादे माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं, लेकिन जरा कांग्रेस मुझे जवाब दे, जिस संविधान को माथे पर रखकर नाच रहे हो, तो वहीं संविधान 75 साल तक पूरे देश में लागू क्यों नहीं होता था। देश में दो संविधान, दो झंडे और दो प्रधानमंत्री हुआ करते थे। कश्मीर में संविधान लागू नहीं होता था, क्योंकि धारा 370 दीवार बनकर बैठी थी, लेकिन गुजरात से दिल्ली पहुंचे आपके इस बेटे ने धारा 370 को खत्म किया और सरदार साहब को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि दी। मैंने गुजरात में सिर्फ सरदार साहब का स्टेच्यू बनाकर ही नहीं, बल्कि कश्मीर में तिरंगा फहराकर, उनके सपने को पूरा किया।

### कोई छिपा एजेंडा है तो खुले में आकर बताएं

मोदी बोले, मैं कांग्रेस के शाही परिवार और उसके शहजादे को चुनौती देना चाहता हूं कि अगर आपका छिपा हुआ एजेंडा है तो खुले में आइए और लोगों को बताएं कि आप अनुच्छेद 370 बहाल करने की कोशिश करेंगे।''मैं देखना चाहता हूं कि बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान का अपमान करने का उनमें कितना साहस है। कच्चातिवु द्वीप विवाद का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान, केंद्र सरकार को भारत के पास द्वीपों की सटीक संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

## मोदी सरकार निजीकरण कर आरक्षण छीन रही

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर 'अंधाधुंध' तरीके से निजीकरण लागू करके दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों से 'गुपचुप तरीके से' आरक्षण छीनने का बृहस्पतिवार को आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को मजबूत करने और रोजगार के दरवाजे खोलने की गारंटी देती है। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आरक्षण समाप्त करने का नरेन्द्र मोदी के अभियान का मंत्र है-'न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी' मतलब न तो सरकारी नौकरियां रहेंगी और न ही आरक्षण देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निजीकरण से सरकारी नौकरियों को खत्म कर चुपके-चुपके दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग से आरक्षण छीन रही है। उन्होंने कहा कि 2013 में सार्वजनिक क्षेत्रों में 14 लाख स्थायी पद थे जो 2023 तक आते आते सिर्फ 8.4 लाख ही बचे हैं।



दलित और आदिवासियों को नहीं मिल रहा लाभ, मोदी का मंत्र, न रहेगा बांस और न बजेगी बांसुरी
■
मतलब न तो सरकारी नौकरी रहेंगी व न ही आरक्षण देना पड़ेगा, कर्नाटक में राहुल का मोदी पर तीखा प्रहार

### शीर्ष उपक्रम बर्बाद किए

कांग्रेस नेता ने कहा कि बीएसएनएल, सेल, भेल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के शीर्ष उपक्रमों को बरबाद करके सार्वजनिक क्षेत्र से कम से कम छह लाख स्थाई नौकरियां छीन ली गईं। ये ही वे पद हैं जिनमें आरक्षण का लाभ दिया जा सकता था। उन्होंने दावा किया कि रेलवे जैसे संस्थानों में सरकारी काम ठेके पर देकर पिछले दरवाजे से जो नौकरियां खत्म की जा रही हैं उनकी कोई गिनती नहीं है।

## दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मचारी बर्खास्त

एलजी वीके सक्सेना ने आदेश दिया

आरोप-अध्यक्ष ने नियमों के खिलाफ नियुक्त किया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना के आदेश पर दिल्ली महिला आयोग से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। आरोप है कि दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना अनुमति के इनकी नियुक्ति की थी। आदेश में डीसीडब्ल्यू एक्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि आयोग केवल 40 कर्मचारियों को ही रख सकता है, लेकिन एलजी की मंजूरी के बिना 223 नए पद बनाए गए हैं। आयोग के पास कॉन्ट्रैक्ट पर कर्मचारियों की नियुक्ति का अधिकार नहीं है। इस पर स्वाति मालीवाल ने कहा कि यह तुगलकी फरमान है। मैं अपने जीतेजी आयोग को बंद नहीं होने दूंगी। स्वाति मालीवाल ने जनवरी 2024 में आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। उन्हें 2015 में आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था। केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी की तरफ से उन्हें राज्यसभा में सांसद पद के लिए नॉमिनेट किया था।

### डीडब्ल्यूसीडी ने भेजा आदेश

दिल्ली महिला और बाल विकास विभाग (डीडब्ल्यूसीडी) ने 29 अप्रैल को दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) को इस संबंध में आदेश भेजा है। डीडब्ल्यूसीडी-डीसीडब्ल्यू के बीच पत्रों के जरिए बातचीत हुई थी। पत्रों से कार्रवाई को समझा जा सकता है।

### नियुक्तियों के संबंध में 2016 में पत्र भेजा

डीडब्ल्यूसीडी को महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू ) की ओर से 10 सितंबर 2016 को एक पत्र मिला। इसमें लिखा था कि 9 सितंबर 2016 को हुई मीटिंग में महिला आयोग ने डीसीडब्ल्यू एक्ट 1994 का इस्तेमाल करते हुए 223 अतिरिक्त नियुक्तियां की हैं। डीडब्ल्यूसीडी को इन नियुक्तियों की जरूरत, इम्प्लॉई की क्वालिफिकेशन और एक्सपीरिएंस के बारे में जानकारी भी भेजी गई है।

### पहला खत-27 सितंबर 2016 को भेजा गया

डीडब्ल्यूसीडी ने महिला आयोग के मेंबर सचिव को पत्र लिखा। इस पत्र में महिला आयोग की ओर से की गई नियुक्तियों के लिए वित्तीय सहायता देने के नियम और शर्तें बताईं। इसमें कहा गया कि आयोग बिना फाइनेंस डिपार्टमेंट व एडमिनिस्ट्रेशन की इजाजत के कोई ऐसी गतिविधि नहीं कर सकता, जिसमें अतिरिक्त वित्तीय भार पड़े। इसमें नई नियुक्तियां करना और राष्ट्रीय राजधानी में सैलरी का स्ट्रक्चर मौजूदा स्ट्रक्चर से ज्यादा करना भी शामिल है। आयोग ने जो नियुक्तियां की हैं, उनका बजट 2 करोड़ से ज्यादा है।

### खबर संक्षेप

#### ऑनलाइन आए पार्सल खोलते वक्त विस्फोट, दो की मौत

**साबरकांठा।** गुजरात के साबरकांठा में ऑनलाइन से मंगाए गए पार्सल में विस्फोट से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वाले लोगों की पहचान पिता-पुत्री के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ऑनलाइन के जरिए आया हुआ पार्सल खोलते वक्त फट गया। ब्लास्ट में एक शख्स की दो बेटियां, एक 9 साल की और दूसरी 10 साल गंभीर रूप से घायल हो गईं। जबकि जितेंद्र हीराभाई वंजारा व बेटी भूमिका की मौत हो गई। एजेंसी

## कर्नाटक यौन उत्पीड़न मामले में प्रज्वल को लुकआउट नोटिस जारी

गृहमंत्री परमेश्वर बोले 24 घंटे में पेश नहीं हुए तो गिरफ्तारी होगी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ विशेष जांच दल (एसआईटी) ने लुकआउट नोटिस जारी किया है। यह नोटिस प्रज्वल की उस अपील के बाद आया है, जिसमें उन्होंने एसआईटी के सामने हाजिर होने के लिए समय मांगा था। गुरुवार को कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि 7 दिन का समय देने का प्रावधान ही नहीं है, यदि वे 24 घंटे में पूछताछ के लिए हाजिर नहीं होते हैं तो उनकी गिरफ्तारी भी संभव है। प्रज्वल ने बुधवार 1 मई को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था-मैं जांच में शामिल होने के लिए बेंगलुरु में नहीं हूं, इसलिए मैंने अपने वकील के जरिए सीआईडी बेंगलुरु को बता दिया है। सच्चाई जल्द ही सामने आएगी।



कर्नाटक के सीएम का मोदी को पत्र-प्रज्वल को भारत लाने में मदद करें

### मंजूरी न तो मांगी और न ही दी : विदेश मंत्रालय

विवादों में घिरे जेडीएस सांसद प्रज्जवल रेवन्ना का मामला लगातार सुर्खियों में है। विदेश मंत्रालय से भी इस संबंध में सवाल किया गया। कर्नाटक के सांसद के विदेश जाने की खबरों से जुड़े सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि उन्हें जर्मनी यात्रा के लिए विदेश मंत्रालय से अनुमति नहीं दी गई। जायसवाल ने कहा कि 'सांसद की जर्मनी यात्रा के संबंध में विदेश मंत्रालय से न तो कोई राजनीतिक मंजूरी मांगी गई थी और न ही जारी की गई।

## प्रदेश में चौथे दिन नवीन जिंदल, सुशील और वरूण ने भरा पर्चा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में गुरुवार को भी कई दिग्गजों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस दौरान सभी प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन किया और अपनी-अपनी जीत के दावे किए। भाजपा, कांग्रेस और जजपा नेता पर्चा दाखिल करने अपने-अपने क्षेत्र में पहुंचे और रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंच रिर्टनिंग अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दायर किए।

**कुरुक्षेत्र**

भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आप नेता सुशील गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान जिंदल के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद रहे। वहीं, सुशील गुप्ता के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान, राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी पहुंचे।

**भिवानी-महेंद्रगढ़**

जजपा उम्मीदवार राव बहादुर सिंह ने पर्चा दाखिल किया। वहीं, बसपा प्रत्याशी ऊषा और निर्दलीय हेमंत ने भी पर्चा भरा।

**अंबाला**

कांग्रेस के उम्मीदवार वरूण चौधरी और इनेलो के गुरप्रीत ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान वरूण के साथ पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान भी मौजूद रहे।

## राहुल गांधी का अमेठी से चुनाव लड़ना तय

ऑनलाइन नामांकन फॉर्म खरीदा

**लखनऊ(भाषा)।** अमेठी से राहुल गांधी का चुनाव लड़ना लगभग तय माना जा रहा है। ऐलान जल्द किया जा सकता है। सूत्रों का कहना है कि राहुल के नाम से अमेठी से ऑनलाइन नामांकन फॉर्म खरीदा गया है। वह शुक्रवार को नामांकन कर सकते हैं। गुरुवार सुबह अमेठी पहुंचे सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा ने यह जानकारी दी है।

## कैसरगंज से बृजभूषण की जगह बेटे करण को उतारा

यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे बृजभूषण

**नई दिल्ली (भाषा)।** भाजपा ने बृहस्पतिवार को कैसरगंज लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काट दिया। उनकी जगह उनके बेटे करण भूषण सिंह को इस सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। बृजभूषण शरण सिंह महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं।

**एडवाइजरी** चुनाव आयोग की सभी राजनीतिक दलों को सख्त हिदायत

# सर्वेक्षण की आड़ में मतदाताओं की जानकारी लेना बंद करें, लालच न दें

मतदाताओं को रजिस्ट्रेशन के लिए आमंत्रित करना एक तरह का प्रलोभन

## सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश

**नई दिल्ली (भाषा)।** लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव लड़ रहे राजनीतिक दलों के लिए चुनाव आयोग ने गुरुवार को एक एडवाइजरी जारी की है। आयोग ने सभी दलों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि वे सर्वेक्षणों के नाम पर मतदाताओं की जानकारी लेना बंद करें। इससे मतदान प्रभावित होता है। आयोग ने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा अपनी प्रस्तावित योजनाओं के लिए विभिन्न सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांगने को गंभीरता से लिया और कहा कि यह चुनाव कानून के तहत भ्रष्ट आचरण के समान है।

### वोटिंग होती है प्रभावित

आयोग ने कहा कि मतदाताओं से चुनाव के बाद फायदे वाले स्कीम से जुड़ा रजिस्ट्रेशन कराना बंद करें। ऐसे सर्वे से वोटिंग प्रभावित होती है। पार्टियां और उम्मीदवार सर्वे की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांग रहे हैं। इसे तुरंत बंद कर देना चाहिए। इसके जरिए मतदाताओं को रजिस्ट्रेशन के लिए आमंत्रित किया जाता है जो एक तरह से प्रलोभन है।

### उचित कार्रवाई का निर्देश

ऐसे मामले में चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों को किसी भी विज्ञापन, सर्वेक्षण या मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए लोगों को पंजीकृत करने वाली किसी भी गतिविधि को तुरंत बंद करने और उससे दूर रहने के लिए एक सलाह जारी की।

**ये गतिविधियां शामिल**

- अखबारों में विज्ञापन के जरिए वोटर्स को मोबाइल पर मिस्ड कॉल देकर या कॉल कर लाभ के लिए खुद को पंजीकृत करने के लिए कहना।
- गारंटी कार्डों के लिए पैम्फलेट द्वारा व्यक्तिगत लाभ चाहने वालों से उनका विवरण जैसे नाम, उम्र, पता, मोबाइल नंबर आदि मांगना।
- मतदाताओं की जानकारी जैसे नाम, राशन कार्ड नंबर, पता, फोन नंबर, बूथ नंबर, बैंक खाता नंबर, मांगने वाले फॉर्म का वितरण कराना।
- लोगों से उन्हें मिल रही लाभकारी योजनाओं के साथ-साथ नाम, पति/पिता का नाम, संपर्क नंबर, पता आदि के बारे में जानकारी जुटाना।





## खबर संक्षेप

### गुजरात व महाराष्ट्र का स्थापना दिवस मनाया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा बुधवार सायंकाल हरियाणा राजभवन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत के तहत गुजरात स्थापना दिवस और महाराष्ट्र स्थापना दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। राज्यपाल हरियाणा ने गुजरात प्रदेश एवं महाराष्ट्र प्रदेश के प्रतिनिधियों से दोनों राज्यों की महान संस्कृति, परंपराओं, भाषा, शिक्षा, संगीत, पर्यटन, व्यंजन, खेल और स्थानीय प्रथाओं को साझा किया।

### रिश्वत देने के आरोप में निगम ठेकेदार गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** रिश्वत देने के आरोप में हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) टीम ने नगर निगम के ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। टीम ने ठेकेदार के ऑफिस से 19 लाख भी बरामद किए। शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगाया गया कि राजेश कुमार नगर निगम में सडक़ों के निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार ने काम के लिए कई वरिष्ठ अधिकारियों को रिश्वत दी है। जिस पर एसीबी ने आरोपी को पकडऩे के लिए योजना बनाई और तथ्यों की जांच पड़ताल करते हुए आरोपी को पकड़ लिया।

### सुरक्षा अधिकारी को रिश्वत लेते दबोचा

**गुरुग्राम।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) टीम ने निजी कंपनी में कार्यरत सुरक्षा अधिकारी अंकित को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया है। सुरक्षा अधिकारी अंकित ने शिकायतकर्ता को प्रलोभन दिया कि वह पुलिस अधिकारी से सांठ गांठ करके विपरीत पक्ष के केस को कमजोर करवा देगा। जिसका लाभ शिकायतकर्ता के बेटे को मिलेगा। इसके लिए आरोपी ने पांच हज़ार की रिश्वत मांगी। एसीबी ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तारी किया।

### 2005 से फरार महिला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना शहर बल्लभगढ़ पुलिस ने दहेज के मुकदमे में वर्ष 2005 में भगोड़ा घोषित महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला प्रवीन गांव घसेडा नंहू की रहने वाली है। महिला आरोपी को उसके घर से दहेज के मुकदमे में काबू किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

सिरसा लोस सीट पर भिड़ेंगे कांग्रेस के दो पूर्व अध्यक्ष

# चुनावी मुहिम ने पकड़ी रफ्तार, नामांकन के साथ साफ हो रही तस्वीर

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में "मिशन-2024" में फ़तेह पाने को लेकर उम्मीदवारों में सियासी जंग तेज होती जा रही है। पिछली बार राज्य की दस की दस लोकसभा सीटों पर कब्जा करने वाली सत्ताधारी पार्टी भाजपा के सामने इस बार कईं तरह की चुनौतियां उठानी पड़ रही है। कुल मिलाकर प्रमुख नेताओं द्वारा नामांकन किए जाने के साथ ही हरियाणा में मुकाबला रोचक होता जा रहा है। अहम बात यह है कि कांग्रेस की सियासी दिग्गज पूर्व मंत्री सैलजा द्वारा नामांकन के साथ ही साफ हो गया है कि सिरसा लोकसभा सुरक्षित सीट पर प्रदेश कांग्रेस के दो पूर्व अध्यक्ष की भिड़ंत होने जा रही है।खास बात यह है कि इस बार लोकसभा के चुनावों में जहां हरियाणा के दो लाल स्वर्गीय चौधरी भजनलाल और स्वर्गीय पूर्व सीएम बंसीलाल के परिजन दूर हैं। इसके बड़े कारण हैं कि इस बार चौधरी बंसीलाल की पोती श्रुति चौधरी की टिकट कांग्रेस द्वारा काट दी गई है, इसी तरह से कुलदीप बिश्नोई को भी भाजपा ने टिकट नहीं देकर संकेत साफ कर दिए हैं।

### छह पुराने चेहरों की जगह नए चेहरों पर दांव

अब बात तीसरे लाल की करें, तो देश के पूर्व डिप्टी पीएम ताऊ देवीलाल परिवार के तीन सदस्यों के बीच में जहां हिसार में रोचक मुकाबला होने वाला है। वहीं, वक्त और नियति का फेसर देखिये-सियासत में उस परिवार के सामने एक दूसरे के सामने ही लोग मैदान में उतरे हुए हैं। हिसार सीट से भाजपा ने जहां मंत्री रणजीत सिंह को मैदान में उतारा है, वहीं उनके परिवार की बहू अर्थात पूर्व डिप्टी सीएम की मां नैना चौटाला जजपा के टिकट पर भाग्य आजमाने उतरी हैं। इसी सीट पर चौटाला परिवार से तीसरा सदस्य सुनैना चौटाला मैदान में हैं। हिसार में एक तरह से ससुर के विरुद्ध बहु मैदान में उतरी हुई हैं। चौधरी देवीलाल परिवार से ही विधायक और वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला खुद कुरुक्षेत्र की सीट पर चुनावी रण में उतरे हैं। सत्ताधारी भाजपा पार्टी द्वारा इस बार लोकसभा के रण में छह चेहरों को बदल दिया है, क्योंकि करनाल सीट पर सांसद संजय भाटिया के स्थान पर खुद पूर्व सीएम मनोहरलाल मैदान में उतरे हैं। इसके अलावा सोनीपत सीट से सांसद रमेश कौशिक की जगह मोहनलाल बडौली, हिसार में बिजेंद्र सिंह के स्थान पर चौधरी रणजीत सिंह, सांसद सुनीता दुग्गल सिरसा के स्थान पर पार्टी ज्वाइन करने वाले डाक्टर अशोक तंवर को उतारा है। अंबाला में स्वर्गीय रतनलाल कटारिया के स्थान पर उनकी पत्नी बंतो कटारिया चुनाव मैदान में उतरी हैं। कुरुक्षेत्र सीट से वर्तमान सीएम नायब सिंह सैनी सांसद हैं, उनके स्थान पर इस बार प्रमुख उद्योगपति नवीन जिंदल को मैदान में एन वक्त पर उतारा गया है। इस तरह से पुराने चेहरों की बात करें, तो चार सीटों रोहतक सीट डा. अरविंद शर्मा, भिवानी-महेंद्रगढ़ धर्मबीर सिंह, फरीदाबाद कृष्णपाल गुर्जर और गुरुग्राम में राव इंद्रजीत सिंह को कमल का फूल थमाकर दोबारा उन पर ही बाजी लगाई गई है।

### नामांकन में भी दिख रही गुटबाजी

हरियाणा के लोकसभा सियासी रण में भले ही कांग्रेस पार्टी हो या फिर सत्ताधारी भाजपा दोनों ही पार्टियों में नामांकन के दौरान भी अलग-अलग गुट साफ साफ नजर आ रहे हैं। सिरसा सुरक्षित सीट पर पूर्व मंत्री सैलजा ने नामांकन किया, तो उनका नामांकन कराने के लिए जहां कांग्रेस नेत्री व विधायक किरण चौधरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे, बीरेंद्र सिंह के अलावा यहां सैलजा समर्थक ही दिखाई दिए। इस दौरान नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और चौधरी उदयभान ने दूरी बनाए रखी। भाजपा के हिसार से प्रत्याशी चौधरी रणजीत सिंह के नामांकन के मौके पर भी विधायक भव्य बिश्नोई और उनके पिता कुलदीप बिश्नोई द्वारा दूरी बनाए रखने को लेकर भी चर्चा का माहौल रहा। दूसरी तरफ, सोनीपत में कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी के नामांकन पत्र दाखिल करने के वक्त पर पीसीसी अध्यक्ष चौधरी उदयभान और नेता विपक्ष पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुडडा गुट का दबदबा दिखाई दिया। इस नामांकन से एसआरके गुट ने दूरी बनाकर रखी हुई थी। करनाल से दिव्यांशु बुद्धिराजा के नामांकन के मौके पर भी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, चौधरी उदयभान, विधायक शमशेर गोगी मौजूद रहे।

एचएसआईआईडीसी के सेक्टर-17 में हादसा

# बहादुरगढ़ की दो जूता फैक्ट्रियों में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** फैक्ट्री में लगी आग बुझाने की कोशिश करते कर्मचारी।

- शार्ट सर्किट से आग लगने की जताई जा रही आशंका

एचएसआईआईडीसी सेक्टर-17 में स्थित चप्पल-जूते बनाने वाली दो फैक्ट्रियों में आग लग गई। एक फैक्ट्री में तो आग पर कुछ ही समय पर काबू पा लिया गया लेकिन दूसरी फैक्ट्री में भड़की आग को बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई घंटे बाद शाम के वक्त आग पर नियंत्रण पाया जा सका, लेकिन तब तक काफी कच्चा व तैयार माल जलकर राख हो चुका था। महंगी मशीनें और भवन भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। फैक्ट्री मालिक को काफी आर्थिक हानि हुई है। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। असल पुष्टि जांच के बाद हो सकेगी। दरअसल, उद्यमी सुनील की यहां सेक्टर-17 के प्लॉट नंबर 241 में लैम-एन फैब नाम से कंपनी है। इसमें जूते-चप्पल आदि बनाए जाते हैं। वीरवार की सुबह काम शुरू हुआ ही था कि अचानक ऊपरी तल पर आग सुलग गई। रबड़, प्लास्टिक, केमिकल आदि ज्वलन पदार्थ होने के चलते आग तेजी से फैलने लगी। जैसे तैसे श्रमिकों ने बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।

तेज हवा चलने के कारण आग तेजी से फैलती गई। इतना ही नहीं, पीछे लगती एक अन्य फैक्ट्री प्रोफैक्स फुटवीयर में भी आग लग गई। दोनों फैक्ट्रियों में आग की सूचना पर दमकल विभाग की पहले दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। कुछ समय बाद प्रोफै क्स में लगी आग तो बुझा दी गई लेकिन फैक्ट्री नंबर 241 में लगी आग काफी फैल चुकी। आग पर नियंत्रण पाने के लिए रोहतक, झज्जर, सोनीपत से भी गाड़ियां आई। शाम करीब पांच बजे आग नियंत्रण में आई लेकिन पूरी तरह बुझ नहीं सकी थी।

इस आग लगने की घटना से फैक्ट्री मालिक को काफी नुकसान हुआ है। काफी कच्चा व तैयार माल जलकर राख हो गया। महंगी मशीनें जल गई और भवन भी क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि सभी कर्मचारी समय रहते फैक्ट्री से बाहर निकल गए थे, अन्यथा यह घटना बड़ा रूप भी ले सकती थी। मौके पर सेक्टर-16 चौकी पुलिस भी मौजूद रही। आग लगने के पीछे शार्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। हालांकि असल पुष्टि जांच के बाद होगी।

### साली के साथ दुष्कर्म करने वाले जीजा को 20 साल की कैद

**पानीपत।** पानीपत में अपनी नाबालिग साली को शादी की नीयत से बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी जीजा संदीप निवासी जिला सोनीपत को फास्ट ट्रैक कोर्ट पोस्को के अतिरिक्त सेशन जज सुखप्रीत सिंह ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई, जबकि दोषी पर 50 हजार रूपये जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी संदीप को तीन साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। सनौली थाना पुलिस को दी शिकायत में एक पिता ने बताया था कि उसकी बड़ी बेटी की शादी संदीप निवासी सोनीपत के साथ हुई थी। 12 मई 2022 को वह काम से बाहर गया हुआ था। तभी पीछे से दामाद संदीप घर पर आया। वह उसकी 17 वर्षीय छोटी बेटी को अपने साथ भगा ले गया।

# आयोग ने कृषि प्रबंधक पर ठोंका 10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- निर्धारित सेवा अवधि में सेवा नहीं देने का पाया दोषी

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के कृषि प्रबंधक पर अधिसूचित सेवा निर्धारित समयावधि में न देने पर 10 हजार का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, आवेदक को 5 हजार रुपए का मुआवजा देने का भी निर्णय सुनाया गया है।

प्रवक्ता ने बताया कि आयोग के मुख्य आयुक्त टीसी. गुप्ता ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया और इस मामले के निपटान के लिए एक सुनवाई की गई। बताया गया है कि इस मामले में भिवानी जिला में पंजाब नेशनल बैंक, बहल के ब्रांच मैनेजर मंजीत और कृषि मैनेजर मुलायम सिंह सहित टेलीफोन के माध्यम से आवेदक ओमवीर शामिल हुए। आवेदक को समय पर ऋण की अदायगी नहीं की गई थी जिसके लिए आयोग ने संज्ञान लिया। आयोग द्वारा पंजाब नेशनल बैंक, रोहतक के सर्कल हैड को यह सुनश्चिति करने के नर्दिश दिए गए हैं कि यह राशि मुलायम सिंह के अप्रैल माह के वेतन में से काटी जाए जो कि वेतन के एक तिहाई से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा शेष राशि की कटौती अगले माह में की जाए। आयोग ने अपने नर्णिय में यह भी कहा है कि इन आदेशों की पालना के अंतर्गत चालान इत्यादि की फोटो प्रतियां ईमेल के माध्यम से भिजवाई जाए। आयोग ने मंजीत, शाखा प्रबंधक, पीएनबी-बहल के खिलाफ उपयुक्त अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश की है और जोनल मैनेजर, पीएनबी, चंडीगढ़ से अनुरोध किया है कि इन आदेशों के जारी होने के 30 दिनों के भीतर कार्रवाई के बारे में आयोग को सूचित किया जाए। गौरतलब है कि मंजीत अगस्त, 2021 से और मुलायम सिंह 09 जून 2022 से इस शाखा में तैनात हैं। आयोग ने पीएनबी से यह भी कहा है कि इन अधिकारियों को इस शाखा में रखने की वांछनीयता की जांच करें।

# रोडवेज बसों पर प्रचार सामग्री मतदाताओं को कर रही जागरूक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- हरियाणा में 25 मई को होगा लोस के लिए मतदान : अग्रवाल

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर हरियाणा राज्य परिवहन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। हरियाणा राज्य परिवहन की विभिन्न जिलों के डिपो से निकलने वाली बसें न केवल हरियाणा राज्य बल्कि देश के अन्य राज्यों के मतदाताओं को भी जागरूक करने में मददगार बन रही हैं। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री लगाई गई है जो मतदाताओं का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं और मतदाताओं को 25 मई मतदान के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने के प्रति जागरूक कर रही हैं। लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से हरियाणा रोडवेज की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री, बैनर व पोस्टर चस्पा करवाए गए हैं।



**चंडीगढ़।** मतदाताओं को जागरूक करती रोडवेज की बसों पर लगी प्रचार सामग्री।

इन पोस्टरों में आम जनता से 'छुट्टी का दिन समझकर घर पर आराम न फरमाइए-मतदान केंद्र पर मतदान करने आइए', 'लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर- उंगली पर नीली लकीर ' जैसे जागरूकता स्लोगन व टैगलाइन के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है। बसों पर लगी प्रचार-सामग्री के माध्यम से आमजन को मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 की भी जानकारी दी जा रही है।

# मतदान के बाद बच्चों को परिजनों के साथ लेनी होगी सेल्फी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

**खास बातें**

- हरियाणा में शुरू हुई नई पहल
- स्कूली बच्चों का भी होगा योगदान
- जिलास्तर पर निकाले जाएंगे ड्रा
- विजेता को 10 हजार का नकद इनाम
- सबसे अधिक सेल्फी वाले स्कूल को भी 25 हजारका मिलेगा विशेष पुरस्कार

हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा एक नई पहल की है, जिसमें स्कूली बच्चों को जोड़ा गया है और उन्हें नगद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल के तहत बच्चों द्वारा इस बार अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा और मतदान के दिन वोट करने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करनी होगी। जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमशः 10 हजार रुपये, 5 हजार रुपये और 2.5 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि इस पहल के तहत जिले के जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। सेल्फी अपलोड करने के लिए पोर्टल पर एक लिंक विकसित किया गया है, जोकि मतदान के दिन यानी 25 मई को खुलेगा। प्रातः 7 बजे से मतदान के साथ ही सेल्फी अपलोड करने का लिंक स्कूली बच्चों के लिए खुल जाएगा और रात्रि 8 बजे तक सेल्फी अपलोड की जा सकेगी। इस पहल का उद्देश्य न केवल इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाना है बल्कि स्कूली बच्चे, जो भावी मतदाता बनेंगे, उन्हें अभी से मतदान अधिकारों के प्रति सजग करना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व होता है, इसलिए यह पहल शुरू की गई है ताकि हर मतदाता अपना वोट अवश्य दे।

### राज्य में 2 करोड़ से अधिक वोटर्स

हरियाणा में 2 करोड़, 41 हजार 353 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 1 करोड़ 6 लाख 34 हजार 532 पुरुष, 94 लाख 6 हजार 357 महिला तथा 464 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। गुड़गांव लोकसभा में मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक 25 लाख 66 हजार 159 है, जबकि फरीदाबाद में 24 लाख 24 हजार 281 है। इसी प्रकार, अंबाला लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 19 लाख 92 हजार 252, कुरुक्षेत्र में 17 लाख 92 हजार 160, सिरसा लोकसभा में 19 लाख 34 हजार 614, हिसार में 17 लाख 88 हजार 710, करनाल में 21 लाख 439, सोनीपत में 17 लाख 64 हजार 954, रोहतक में 18 लाख 86 हजार 796 और भिवानी-महेंद्रगढ़ में 19 लाख 90 हजार 988 मतदाता हैं।

### युवक को व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़कर लगाया 13.40 लाख का चूना

**रेवाड़ी।** व्हाट्स एप ग्रुप से जुड़कर मोटा पैसा कमाने के लालच में शुक्रपुरा का एक व्यक्ति 13.40 लाख की साइबर ठगी का शिकार हो गया। ईश्वर ने बताया कि उसे इंस्टाग्राम से मोटा पैसा कमाने के लिए एक व्हाट्स एप ग्रुप का नंबर मिला था। ग्रुप से जुड़ने पर वह एडमिन के झांसे में आकर एक दर्जन से अधिक खातों में बार-बार ट्रांजेक्शन करते हुए 1340102 रुपये ट्रांसफर कर गया। एडमिन ने उसे कहा कि उसे यह राशि हासिल करने के लिए 10 लाख रुपये जमा कराने होंगे। उसने संदेह होने पर एप से राशि निकालने का प्रयास किया, तो खाता फ्रीज होने का मैसेज आ गया।

सख्ती का असर : सुरक्षित वाहन पॉलिसी की दिशा में बेहतर कदम

# कंडम बसें कबाड़ी को बेचने लगे स्कूल संचालक

- कनीना में शपथ-पत्र बनवाने के बाद स्कूलों से उठाई कंडम बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



कनीना-दादरी सड़क मार्ग पर 11 अप्रैल को ईद के अवकाश के दिन उन्हाणी के समीप घटित स्कूल बस सड़क हादस के बाद सरकार की ओर से बरती गई सख्ती के बाद कनीना सब डिवीजन के विभिन्न गांवों व शहर में संचालित निजी स्कूल संचालकों ने अपनी कंडम बसों को कबाड़ी को दे दी है। इस हादसे में झाड़ली के चार व धनौंदा के दो छात्रों सहित कुल छह विद्यार्थियों की दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि करीब 25-30 विद्यार्थी घायल हो गए थे। हादसे के बाद पूरा प्रदेश स्तब्ध हो गया था। इसके बाद सरकार की ओर से बरती गई सख्ती के बाद निजी स्कूलों की ओर से मजबूरन कंडम बसों को रोड से हटाने का फैसला लिया गया। माना जा रहा था कि ऐसी अनेक बसें स्कूल कैंपस में खड़ी स्कूल तथा संचालकों की शोभा बढ़ा रही थी। प्रशासन की ओर से इन बसों की फिटनेस एवं कागजात की जांच की तो वे जांच में खरी नहीं उतरी। अधिकारियों ने ऐसी बसों के खिलाफ इंपाउंड तथा चालान करने की कार्रवाई शुरू की तो कुछ स्कूल संचालकों ने बसों में छोटे बच्चों को बैठाकर खेल-खेल में कक्षा लेने की दलील दी गई, तो कुछ ने लोहे का रेट कम होने की वजह से कंड़म बसें नहीं बेचे जाने की बात कही। प्रशासनिक कार्रवाई से राहत मिलते ही कनीना के विभिन्न स्कूलों की दर्जनों से अधिक बसें कबाड़ के भाव में जींद, दादरी व अन्य स्थानों से आए कबाड़ी व्यापारियों को बेच दी गई। इस बारे में बाकायदा तहसील कार्यालय से बस बेचने वाले स्कूल संचालक तथा खरीदने वाले कबाड़ी के शपथ पत्र भी भरे गए। पिछले 10 दिन के अंतराल में दर्जनभर से अधिक बसों को कबाड़ में बेचे जाने के शपथ पत्र तैयार किए गए।

इस बारे में कनीना सिविल कोर्ट कैंपस में कार्यरत अधिवक्ता विक्रम सिंह यादव ने बताया कि निजी स्कूलों की कंडम बसें बेचे जाने को लेकर हाल ही में दर्जनभर शपथ पत्र तैयार करवाए गए थे। फिटनेस प्रमाण पत्र व कागजात से हट चुकी बसों को शपथ-पत्र के माध्यम से स्कूल संचालकों ने कबाड़ी को बेच दी है। जिसे स्कूल बस सुरक्षित वाहन पॉलिसी के लिए अच्छा कदम माना जा रहा है।



# भारत से रिश्तों की तारीफ

# आस्ट्रेलियाई वित्त मंत्री जिम चाल्मर्स का भारतीय जासूसों के निष्कासन पर टिप्पणी करने से इनकार, कहा- भारत के साथ हमारे अच्छे संबंध

*ऑस्ट्रेलियाई सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने चार साल पहले दो भारतीय जासूसों को गुप्त रूप से ऑस्ट्रेलिया से निष्कासित करने के मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, मंत्री ने कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध अच्छे हैं और हाल के वर्षों में उनमें और सुधार हुआ है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया के वित्त मंत्री जिम चाल्मर्स से एक टीवी साक्षात्कार में पूछा गया कि क्या दो भारतीय जासूसों के गोपनीय तरीके से निष्कासन संबंधी 'ऑस्ट्रेलियाई न्यूज मीडिया' और 'द वाशिंगटन पोस्ट' की खबरों के बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया का मित्र माना जा सकता है। चाल्मर्स ने कहा, मैं किसी भी तरह से इस तरह के मुद्दों में नहीं पड़ना चाहता। उन्होंने कहा, भारत के साथ और इस क्षेत्र के अन्य देशों के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं, दोनों पक्षों के प्रयासों के परिणामस्वरूप हाल के वर्षों में यह और घनिष्ठ हुआ है और यह अच्छी बात है।

## भारतीय उच्चायोग ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी

*'द वाशिंगटन पोस्ट', 'द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' और 'ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प' ने अज्ञात सुरक्षा अधिकारियों का हवाला देते हुए जासूसों की पहचान 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' के कर्मियों के रूप में की है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायोग ने इस संबंध में अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।*

## भारत और ऑस्ट्रेलिया क्वाड के सदस्य

भारत ऑस्ट्रेलिया का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार है, जो चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता को कम करने की कोशिश कर रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया भी क्वाड सुरक्षा वार्ता के सदस्यों के रूप में घनिष्ठ सैन्य संबंध विकसित कर रहे हैं। क्वाड में अमेरिका और जापान भी शामिल हैं। बता दें कि क्वाड भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान देशों का एक समूह है, जिसका उद्देश्य भारत-प्रशांत क्षेत्र में लोकतांत्रिक देशों के हितों की रक्षा करना और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना है।

**ऑस्ट्रेलिया में जासूसी नेटवर्क चलाने का दावा**

बता दें इससे पहले , ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) ने दावा किया है, कि संवेदनशील डिफेंस प्रोजेक्ट और हवाई अड्डे की सुरक्षा के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के व्यापार संबंधों पर वर्गीकृत जानकारी चुराने की कथित कोशिश करते हुए पकड़े जाने के बाद, भारतीय जासूसों को ऑस्ट्रेलिया से बाहर निकाल दिया गया था।

**वे खुफिया मामलों पर टिप्पणी नहीं करते**


प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और विदेश मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में भारत द्वारा कथित जासूसी के बारे में सवालों को टाल दिया और कहा कि वे खुफिया मामलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं।

# यूएन में भारत बोला- इजराइली बंधकों को रिहा करे हमास, आतंक को सही नहीं ठहरा सकते

एजेंसी ▶▶| जिनेवा

बीते 18 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र में प्रवेश के लिए फिलिस्तीन के आवेदन पर सुरक्षा परिषद के एक स्थाई सदस्य द्वारा वीटो लगाए जाने के बाद बुधवार को यूएनजीए की बैठक में कम्बोज ने उम्मीद जताई है कि फिलिस्तीन की सदस्यता पर उचित समय पर पुनर्विचार किया जाएगा और संयुक्त राष्ट्र के एक सदस्य को समर्थन प्राप्त होगा। कंबोज ने हमास के 7 अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमलों की निंदा भी की और बंधकों की जल्द से जल्द रिहाई की मांग की है। हमास के हमलों पर बोलते हुए कंबोज ने कहा है 'आतंकवाद को कभी भी सही नहीं ठहराया जा सकता। भारत हमेशा से आतंकवाद का विरोध करता है और करता रहेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी बंधकों की रिहाई की मांग करते हैं। कंबोज ने इजराइल और हमास दोनों को अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानवीय कानूनों का पालन करने को कहा। इससे पहले हमास के नेता भी कह चुके है कि अगर फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता मिलती है।

## दोनों पक्षों से बात करके समाधान संभव



18 अप्रैल को अमेरिका ने फिलिस्तीन को राज्य का दर्जा देने के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को रोकने के लिए अपनी वीटो शक्ति का उपयोग किया। संयुक्त राष्ट्र में 12-1 के वोट में, जिसमें से एक अमेरिकी वीटो और दो सदस्यों की अनुपस्थित रही जिसके कारण यूएनएससी यह प्रस्ताव नहीं अपनाया जा सका। दोनों पक्षों के बातचीत के जरिये दो-राज्य समाधान संभव है।

## यूएससीआईआरएफ राजनीतिक एजेंडा वाला पक्षपाती संगठन : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता संबंधी अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वार्षिक रिपोर्ट के नाम पर भारत को लेकर उसका दुष्प्रचार प्रकाशित करना जारी है। धार्मिक स्वतंत्रता के कथित उल्लंघन को लेकर भारत की आलोचना करने वाली यूएससीआईआरएफ रिपोर्ट पर असामान्य रूप से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि उसे राजनीतिक एजेंडे वालेपक्षपाती संगठन के रूप में जाना जाता है। हमें यह उम्मीद नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग भारत के विविधतापूर्ण, बहुलवादी और लोकतांत्रिक लोकाचार को समझने की कोशिश भी करेगा।'

## खबर संक्षेप

### पद्म पुरस्कार-2025 के लिए नामांकन शुरू



**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस, 2025 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म पुरस्कार-2025 के लिए ऑनलाइन नामांकन 1 मई से शुरू हो गया है। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख 15 सितंबर, 2024 है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/सिफारिशें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल awards.gov.in पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप उपलब्ध है। सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए, जिसमें वर्णनात्मक रूप में एक उद्धरण (अधिकतम 800 शब्द) शामिल होना चाहिए।

### जवानों ने घुसपैठिए को तुरंत कर दिया ढेर

**सांबा।** जिले की भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीती रात बीएसएफ ने एक संदिग्ध को भारतीय सीमा में प्रवेश करते देखा। जवानों ने गोलाबारी कर उसे ढेर कर दिया। रक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रीगल पोस्ट की जीरो लाइन के पास बीएसएफ की 125वीं वाहिनी के जवानों ने सीमा पर कुछ हलचल देखी। जवानों ने उसे ललकारा। संदिग्ध भारतीय सीमा की तरफ बढ़ रहा था। जवानों ने गोलीबारी कर उसे ढेर कर दिया।

### तमिल सिंगर उमा का 69 की उम्र में निधन

**चेन्नई।** साउथ इंडस्ट्री की मशहूर सिंगर और टीवी होस्ट उमा रमानन अब हमारे बीच नहीं रहीं। 69 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।अब तक इसको लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है कि आखिर उनकी मौत किस वजह से हुई है?उनके निधन की खबर से साउथ इंडस्ट्री में शोक की लहर है। तमाम कलाकार और फैंस सिंगर को सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दे रहे हैं।



### मृतक इंसान ने कोर्ट से मांगी जमानत

**नई दिल्ली।** पिछले साल दिसंबर में मर चुका व्यक्ति 24 जनवरी को अपनी जमानत की याचिका कैसे दाखिल कर सकता है। एनडीपीएस के एक मामले के आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने ये सवाल उठाया। हाईकोर्ट ने आरोपी के वकील को सुनवाई के दौरान कोर्ट में हाजिर रहने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि वकील बताएं कि मर चुका व्यक्ति याचिका दे सकता है।



## संदेशखाली हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट की दो टूक

# सीबीआई जांच में सहयोग करे ममता सरकार', शिकायतों का सत्यापन हो

### महिलाओं के सामूहिक यौन उत्पीड़न, आदिवासी भूमि पर कब्जे का मामला

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली हिंसा को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को आदेश दिया है कि वो मामले की जांच के लिए सीबीआई का पूरा सहयोग करे।

सीबीआई संदेशखाली में टीएमसी नेता द्वारा महिलाओं के सामूहिक यौन उत्पीड़न और संदेशखाली में आदिवासी भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच कर रही है।चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने सीबीआई की दलील पर गौर किया। जिसमें कहा गया था कि आदिवासी भूमि पर कब्जा करने के संबंध में प्राप्त 900 से अधिक शिकायतों का सत्यापन करते समय, राज्य सरकार केंद्रीय एजेंसी के साथ सहयोग नहीं कर रही है।चीफ जस्टिस शिवगणम ने आदेश देते हुए कहा कि संदेशखाली हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार जांच में सीबीआई का सहयोग करे।

#### हाईकोर्ट ने सौंपी थी सीबीआई जांच



आरोप है कि शाहजहां ने गांव के निवासियों की जमीनें जबरदस्ती हड़प लीं, जिन्हें इस साल की शुरुआत में टीएमसी ने निलंबित कर दिया था। शेख और उसके सहयोगियों पर गांव में महिलाओं के यौन उत्पीड़न का भी आरोप लगाया गया था।लगभग 55 दिन तक भागने के बाद आरोपी शेख को बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार किया था। हाई कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को स्थानांतरित कर दी थी।

#### डर के कारण महिलाओं ने दुराचार का केस नहीं किया

सुनवाई के दौरान भाजपा नेता और वकील प्रियांक टिबरेवाल ने कोर्ट को बताया कि उन्हें कथित यौन उत्पीड़न की पीड़ित महिलाओं के फोन आए थे। उन्होंने दावा किया कि महिलाओं को शेख या उसके आदमियों के खिलाफ मामला दर्ज न करने की धमकी दी गई थी। रात में कुछ अजनबी उनके घरों में चले आए और उन्हें बताया कि वे पहले ही अपना सम्मान खो चुके हैं और अब अगर उन्होंने बलात्कार का मामला दर्ज कराया तो उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ेगी। इसलिए, महिलाएं सीबीआई के पास भी शिकायत दर्ज कराने से डरती हैं।

#### सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने कहा
#### केंद्र के नियंत्रण में नहीं सीबीआई



केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सीबीआई पर केंद्र का नियंत्रण नहीं है। बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया है कि सीबीआई ने कई मामलों में जांच के लिए राज्य सरकार की मंजूरी नहीं ली है। बंगाल सरकार ने केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। जिसमें आरोप लगाया है कि राज्य द्वारा सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस ली गई थी।

**केंद्र ने दी ये दलील**

संविधान का अनुच्छेद 131 केंद्र और राज्यों के अधिकारक्षेत्र से संबंधित है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ को बताया इसके प्रावधानों का गलत इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

## सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# आम तौर पर तो जारी नहीं किया जाना चाहिए गैर जमानती वारंट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक हालिया फैसले में कहा है कि गैर-जमानती वारंट आम तौर पर जारी नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि आरोपी पर कोई संगीन आपराधिक आरोप न हो और उसके कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित करने या सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका न हो। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि हालांकि गैर-जमानती वारंट जारी करने के बारे में कोई विस्तृत दिशा-निर्देश नहीं है। शीर्ष अदालत ने कई मौकों पर टिप्पणी की है कि गैर-जमानती वारंट तब तक जारी नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि आरोपी पर कोई संगीन आपराधिक आरोप न हो और उसके कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित करने या सबूतों से छेड़छाड़ अथवा उसे नष्ट करने की आशंका न हो।

#### समन का आदेश रद किया

कोर्ट ने समन के आदेश को रद करते हुए कहा इस संबंध में कानून में स्थिति स्पष्ट है कि गैर-जमानती वारंट आम तौर पर जारी नहीं किया जाना चाहिए और किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता को तब तक प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि समाज और राष्ट्र के व्यापक हित में ऐसा करना जरूरी न हो।

#### महिला जज के बोलने पर झेंप गए सीजेआई

निजी संपत्तियों को समुदाय का भौतिक संसाधन' माना जा सकता है और क्या 'सार्वजनिक कल्याण' में इस्तेमाल के लिए इसे राज्य प्राधिकार अपने कब्जे में ले सकता है?बुधवार को इस पर बहस होती रही। बेंच में शामिल पीठ की एक मात्र महिला जज जस्टिस बीवी नागरत्ना तुरंत बोल पड़ीं, ओह, यह तो प्रशंसा है! जज के कमेंट पर सीजेआई झेंप गए और मुस्करा दिए।



**अमेरिका में ब्याज दर 23 साल के सर्वोच्च स्तर पर**

# जुलाई 2023 से लगातार छठी बार ब्याज दरों में बदलाव नहीं

#### अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक में हुआ निर्णय

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में कोई भी बदलाव नहीं किया है। फेडरल की दो दिन तक चली बैठक के पश्चात चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने इसका ऐलान किया है। इसी के साथ ब्याज दरें 5.25 से 5.50 के बीच बरकरार रखी गई हैं। यह लगातार छठा मौका है जब फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफएमसी) ने ब्याज दरों को यथावत रखा है। इस समय ये ब्याज दरें दो दशक यानी करीब 23 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर हैं। फेडरल एफएमसी ने कहा कि महंगाई दर के टारगेट रेंज को घटाना इस समय सही नहीं। जब तक इस बात का भरोसा नहीं हो जाता कि अमेरिका में महंगाई दर दो फीसदी के नीचे जा रही है तब तक ब्याज दरों में कटौती का फैसला नहीं लिया जा सकता। बहुमत से ब्याज दरों को यथावत रखने का फैसला लिया। दरअसल 40 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी महंगाई पर काबू पाने के लिए ब्याज दरों में जून 2022 से साढ़े पांच फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।



#### महंगाई का खतरा बरकरार

फेडरल रिजर्व ने कहा कि अमेरिका में अब भी अनिश्चितता बनी हुई है और महंगाई का खतरा बरकरार है। इस पर अमेरिका के केंद्रीय बैंक का कहना है कि जब तक महंगाई दर विश्वसनीय रूप से दो फीसदी के नीचे नहीं आ जाती ब्याज दरों में कमी का सवाल ही पैदा नहीं होता।

# भारत ने शक्सगाम घाटी को लेकर चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराया

नई दिल्ली (भाषा)। भारत ने जमीन पर स्थिति को बदलने के "अवैध" प्रयास के तहत शक्सगाम घाटी में निर्माण गतिविधियों को अंजाम देने को लेकर चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि शक्सगाम घाटी भारत का हिस्सा है और नई दिल्ली ने 1963 के तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को कभी स्वीकार नहीं किया, जिसके माध्यम से इस्लामाबाद ने "गैरकानूनी" रूप से इस क्षेत्र को बीजिंग को सौंपने का प्रयास किया था। जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, "हमने लगातार इसके प्रति अपनी अस्वीकृति व्यक्त की है। हमने जमीनी स्तर पर तथ्यों को बदलने के अवैध प्रयासों के खिलाफ चीनी पक्ष के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराया है।" उन्होंने कहा कि हम अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। शक्सगाम घाटी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र है जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) का हिस्सा है।



## संसद की सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल



कमांडो ने किया एयर सर्वे

**नई दिल्ली।** संसद भवन की सुरक्षा को लेकर एनएसजी (नेशनल सिक्योरिटी गार्ड) ने मॉक ड्रिल की। इस ड्रिल में एनएसजी के कमांडो और हेलिकॉप्टर शामिल रहे। एनएसजी के पैरा ट्रूपर्स ने संसद भवन के पास एयर सर्वे किया। बता दें कि कुछ दिनों पहले इसी जगह पर एनएसजी ने हेलीकॉप्टर से संसद भवन पर अपने कमांडो उतारे थे।

## राजस्थान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को दिया बड़ा आदेश

# यहां बाल विवाह होने पर पंच-सरपंच पर होगी कार्रवाई

### अक्षय तृतीया से पहले हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान में अक्षय तृतीया से पहले हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य में कोई बाल विवाह नहीं हो। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि बाल विवाह होने पर सरपंच और पंच को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। बाल विवाह की कई घटनाएं मुख्य रूप से अक्षय तृतीया पर होती हैं। अक्षय तृतीया इस बार 10 मई को है। इस अबूझ मुहूर्त में देशभर में कई शहरों में विवाह सम्मेलन हुआ करते हैं। कहीं कभी पर नाबालिग भी सम्मेलन का फायदा उठा लेते हैं। इसे रोकने के लिए उच्च न्यायालय ने इस तरह का आदेश जारी किया है।

**खास बातें**

- अक्षय तृतीया के पहले सरकार को किया ताकीद
- राज्य के अधिकारियों को भी कोर्ट ने दी सलाह

### मामले पर पैनी नजर रखे सरकार



याचिकाकर्ताओं के वकील आरपी सिंह ने कहा कि अदालत को एक सूची भी उपलब्ध कराई गई जिसमें बाल विवाह और उनकी निर्धारित तिथियों का विवरण था। खंडपीठ ने कहा कि राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के अनुसार, बाल विवाह को प्रतिबंधित करने का कर्तव्य सरपंच पर डाला गया है। इस प्रकार, एक अंतरिम उपाय के रूप में, हम राज्य को निर्देश देंगे कि वह राज्य में होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए की गई जांच के संबंध में रिपोर्ट मांगे और उस सूची पर भी पैनी नजर रखे जो जनहित याचिका के साथ संलग्न है।

**यह सुनिश्चित करें कोई बाल विवाह न हो**

आदेश में कहा गया है कि उत्तरदाताओं को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य में कोई बाल विवाह नहीं हो। सरपंच और पंच को संवेदनशील बनाया जाना चाहिए और उन्हें सूचित किया जाना चाहिए कि यदि वे बाल विवाह को रोकने में विफल रहते हैं, तो बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की धारा 11 के तहत उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

### अधिकारियों को बहुत कुछ करने की जरूरत बताई

हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने बाल विवाह को रोकने के लिए हस्तक्षेप की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को अपने आदेश में कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लागू होने के बावजूद, राज्य में बाल विवाह अब भी हो रहे हैं। अदालत ने कहा कि हालांकि अधिकारियों के प्रयासों के कारण बाल विवाह की संख्या में कमी आई है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

## इसी माह दौरे की संभावना

# चीन के समर्थक मुइज्जू के विदेश मंत्री का अगले सप्ताह भारत दौरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और मालदीव के रिश्तों में चल रहे खटास के बीच मुइज्जू सरकार के विदेश मंत्री मूसा जमीर भारत दौरे पर आ सकते हैं। जानकारी के अनुसार मूसा जमीर के भारत दौरे को लेकर अभी डेट तय नहीं हुई है। लेकिन अनुमानतः मई के पहले या दूसरे सप्ताह में मूसा का भारत दौरा हो सकता है। वहीं मूसा अगर भारत दौरे पर आते हैं तो मालदीव की नई मुइज्जू सरकार का ये पहला भारत दौरा होगा। अभी तक जब भी मालदीव में किसी की भी सरकार बनती थी तो उस समय राष्ट्रपति सबसे पहले भारत का दौरा करता था। लेकिन मुइज्जू ने वर्षों से चले आ रहे इस मिथक तोड़ते हुए सबसे पहले चीन का दौरा किया। इसके साथ ही वो ऐसा करने वाले मालदीव के पहले राष्ट्रपति बन गए। मालदीव में बीते कुछ महीनों पहले ही नई सरकार बनी है। जिसमें चीन समर्थक मुइज्जू ने चुनाव जीतकर राष्ट्रपति बनते ही भारतीय सैनिकों की वापसी का आदेश दिया था। इसके लिए 10 मई की समय सीमा भी तय की गई है।



# ‘मैं कप्तान था, फिर नहीं रहा और अब हूं’, यह जीवन का हिस्सा, छलका रोहित का दर्द

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

ऑरेंज कैप



ऋतुराज गायकवाड़
509 रन
चेन्नई

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**

1521 चौके

880 छक्के

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए पहले ही भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है. अब इसी मामले को लेकर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस की है।

इस दौरान उनके साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर भी साथ रहे। आईपएल में रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी ने हार्दिक पंड्या को कमान सौंपी है। इसको लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल किया गया। इस पर रोहित ने कहा कि मेरे लिए यह कोई नया नही है। मैं इससे पहले भी कई कप्तानों के अंडर खेला हूं।

### एक खिलाड़ी के लिए सब कुछ सही

रोहित ने कहा, ‘मैं कप्तान था। फिर कप्तान नहीं रहा और अब कप्तान हूं। यह जीवन का हिस्सा है। सब कुछ आपके अनुसार नहीं होगा। यह एक शानदार अनुभव रहा है। अपने जीवन में पहले भी मैं कप्तान नहीं था और अलग-अलग कप्तानों के अंडर खेला था। इससे कोई लेना-देना नहीं है। मैंने हमेशा वही करने की कोशिश की है जो एक खिलाड़ी के तौर पर जरूरी है और मैंने पिछले एक महीने में ऐसा करने की कोशिश की है।’



**रोहित एक शानदार कप्तान**

अजीत अगरकर ने कहा, ‘रोहित एक शानदार कप्तान रहे हैं। 50 ओवर के वर्ल्ड कप और इस टी20 वर्ल्ड कप के बीच 6 महीने के दौरान, हमें कुछ निर्णय लेने थे इसमें कोई संदेह नहीं है। मुझे पता है कि हार्दिक ने कुछ सीरीज में नेतृत्व किया है। लेकिन रोहित शानदार रहे हैं।’

### टॉप ऑर्डर बल्लेबाज होने के कारण राहुल का चयन नहीं

प्रेस कॉन्फ्रेंस में केएल राहुल के बारे में पूछा गया कि आखिर क्यों उन्हें वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं मिली। इस पर अगरकर ने कहा, ‘केएल एक शानदार खिलाड़ी हैं। हम मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करने वाले प्लेयर्स पर विचार कर रहे हैं। केएल टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करते हैं। जबकि ऋषभ पंत 5वें नंबर पर खेलते हैं। संजू सैमसन भी नीचे खेलने की काबिलियत रखते हैं।’

### रिंकू की कोई गलती नहीं

आईपीएल में धूम मचाने वाले रिंकू सिंह को ट्रैवलिंग रिजर्व में रखा गया है। उन्हें 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है। इस पर रोहित ने कहा, ‘मुझे लगता है कि यह उनकी (रिंकू) गलती नहीं है। वह अभी हमारे साथ ट्रैवल करने जा रहे हैं। मुझे पता है कि यह उनके लिए थोड़ा कठिन है। मुझे लगता है कि टीम संतुलन के कारण वह चूक गए। हम एक अतिरिक्त स्पिनर खिलाना चाहते थे। मैं टीम में 4 स्पिनर चाहता था। मैं इसका कारण यहां नहीं बताऊंगा, मैं आपको यूएसए में बताऊंगा।’

### कोहली के सपोर्ट में उतरे अगरकर

विराट कोहली आईपीएल के दौरान अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हमेशा ट्रोल होते रहे हैं। इसी को लेकर जब सवाल किया गया, तो अगरकर ने कहा, ‘अनुभव बहुत मायने रखता है। विराट कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर कभी कोई बातचीत नहीं हुई। ज्यादा सोचने का कोई मतलब नहीं है।’ दूसरी ओर ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को टीम में चुने जाने को लेकर अगरकर ने कहा, ‘जब तक वह फिट और उपलब्ध हैं। हम हमेशा हार्दिक पंड्या को टीम में चाहते थे, इसमें कभी संदेह नहीं था।’

## खबर संक्षेप



### दीपक चाहर की चोट गंभीर लग रही : फ्लेमिंग

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट गंभीर लग रही है लेकिन उन्हें फ्रेंचाइजी की मेडिकल टीम से सकारात्मक खबर मिलने की उम्मीद है। फ्लेमिंग ने चाहर की नई चोट के बारे में तफ्सील से नहीं बताया लेकिन उन्हें पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार की रात को दूसरी ही गेंद पर शायद हैमस्ट्रिंग चोट का सामना करना पड़ा। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और फिजियो से बात करने के बाद वह मैदान से बाहर चले गए और मैच में आगे गेंदबाजी नहीं की।

### उबेर कप क्वार्टर फाइनल में जापान से हारी महिला टीम

**चेंगडू।** अष्मिता चालिहा ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन युवा और अनुभवहीन भारतीय महिला टीम को उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को जापान ने 3-0 से हराया। पीवी सिंधू के बगैर खेल रही भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में कनाडा और सिंगापुर को हराकर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन आखिरी लीग मैच में उसे चीन ने 5-0 से मात दी थी। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी चालिहा को 67 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी अया ओहोरी ने 21-10, 20-22, 21-15 से हराया। ईशारानी बरुआ को दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा ने 21-15, 21-12 से शिकस्त दी। वहीं राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया के और श्रुति मिश्रा को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा ने 21-8, 21-9 से हराया। भारत तीन बार 1957, 2014 और 2016 में उबेर कप सेमीफाइनल में पहुंचा है।

### वंचित तबके के बच्चों के लिए शुरू किया कार्यक्रम



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने वंचित तबके के बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से असम के माजुली द्वीप और बोंगाईगांव के दूरदराज के इलाकों से 25 ऐसे बच्चों को सहायता के लिए चुना है। रोहन बोपन्ना टेनिस अकादमी और कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के बीच इस साझेदारी के तहत नौ से 11 साल के चयनित बच्चों को व्यापक टेनिस प्रशिक्षण मुहैया कराया जाएगा। बच्चों को एक कौशल और फिटनेस मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा तथा उनका चयन ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बोपन्ना ने किया। चयनित खिलाड़ी बेंगलुरु जाएंगे जहां उन्हें अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा, विश्व स्तरीय टेनिस पाठ्यक्रम, अनुभवी कोच, स्कूल परिसर में खाने और रहने की व्यवस्था, शिक्षा और आरबीटीए में खुद बोपन्ना द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

### भुवनेश्वर ने आखिरी ओवर में 13 रन डिफेंड किए, 3 विकेट भी झटके

# सनराइजर्स हैदराबाद की राजस्थान रॉयल्स पर एक रन की रोमांचक जीत

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



नितीश कुमार रेड्डी और ट्रेविस हेड के अर्धशतक के बाद डेथ ओवरों में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से सनराजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हरा दिया। रॉयल्स को अंतिम गेंद पर जीत के लिए दो रन की दरकार थी लेकिन भुवनेश्वर कुमार (41 रन पर तीन विकेट) ने रोवमैन पावेल (15 गेंद में 27 रन) को पगबाधा कर दिया जिससे टीम 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 200 रन ही बना सकी। रियान पराग (77 रन, 49 गेंद, आठ चौके, चार छक्के) और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (67 रन, 40 गेंद, सात चौके, दो छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा तीसरे विकेट के लिए 134 रन भी जोड़े लेकिन रॉयल्स को जीत नहीं दिला सके। ये दोनों उस समय साथ आए जब टीम पहले ओवर में एक रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। सनराइजर्स के लिए भुवनेश्वर के अलावा कप्तान पैट कमिंस (34 रन पर दो विकेट) और टी नटराजन (35 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट चटकाए। इससे पहले नितीश ने नाबाद 76 रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने के अलावा सलामी बल्लेबाज हेड (58 रन, 44 गेंद, तीन छक्के, छह चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 96 और हेनरिक क्लासेन (19 गेंद में नाबाद 42, तीन छक्के, तीन चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 70 रन की अटूट साझेदारी की जिससे सनराइजर्स ने तीन विकेट पर 201 रन बनाए। नितीश ने 42 गेंद का सामना करते हुए आठ छक्के और तीन चौके मारे। आवेश खान रॉयल्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 39 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने वाले युजवेंद्र चहल काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 62 रन लुटाए और उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ओवर में ही जोस बटलर और कप्तान संजू सैमसन के विकेट गंवा दिए।

**हैदराबाद-201/3 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ट्रेविस हेड बो आवेश | 58 |
| अभिषेक का जुरेल बो आवेश | 12 |
| अनमोलप्रीत का जायसवाल बो संदीप | 05 |
| नितीश कुमार रेड्डी नाबाद | 76 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 42 |

अतिरिक्त: 08
कुल:20 ओवर में तीन विकेट पर: 201 रन
विकेट पतन: 1-25, 2-35, 3-131
गेंदबाजी: बोल्ट 4-0-33-0, अश्विन 4-0-36-0, आवेश 4-0-39-2, संदीप 4-0-31-1, चहल 4-0-62-0

**रॉयल्स-200/7 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो नटराजन | 67 |
| बटलर का यानसेन बो भुवनेश्वर | 00 |
| संजू सैमसन बो भुवनेश्वर | 00 |
| रियान का यानसेन बो कमिंस | 77 |
| शिमरोन का यानसेन बो नटराजन | 13 |
| रोवमैन पगबाधा बो भुवनेश्वर | 27 |
| ध्रुव का अभिषेक बो कमिंस | 01 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 02 |

अतिरिक्त: 13
कुल:20 ओवर में सात विकेट पर: 200 रन
विकेट पतन: 1-1, 2-1, 3-135, 4-159, 5-181, 6-182, 7-200
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-41-3, यानसेन 4-0-44-0, कमिंस 4-0-34-2, नटराजन 4-0-35-2, उनादकट 2-0-23-0, नितीश 1-0-12-0, शाहबाज 1-0-11-0



### इंडियंस और कोलकाता के बीच मुकाबला आज

**मुंबई।** खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी। नौ मैचों में छह जीत के बाद 12 अंक लेकर केकेआर तालिका में दूसरे स्थान पर है और प्लेआफ में उसकी जगह लगभग पक्की लग रही है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा। केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाए हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया लेकिन फिर केकेआर ने वापसी करके दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से मात दी। वानखेड़े स्टेडियम बल्लेबाजों की मददगार पिच के लिए मशहूर है और इस पर 200 से अधिक का स्कोर बनना तय है। ऐसे में नजरें रिंकू सिंह पर भी होंगी जिन्हें टी20 विश्व कप के लिए भारत की मुख्य टीम में जगह नहीं मिलने से काफी बहस हो रही है।

**खास खबर**

### अमूल टी-20 विश्व कप में अमेरिका और द.अफ्रीका का बना प्रायोजक



**नई दिल्ली।** भारतीय दुग्ध उत्पाद निर्माता अमूल जून में टी20 विश्व कप के दौरान अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका टीम का प्रायोजक होगा। दोनों टीमों के क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को यह ऐलान किया। अमेरिका एक जून से हो रहे टूर्नामेंट में सह मेजबान के तौर पर पदार्पण करेगा। टूर्नामेंट में सेमीफाइनल और फाइनल समेत कई मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। विश्व कप का पहला मैच एक जून को अमेरिका और कनाडा के बीच होगा। अमूल पहले भी नीदरलेंड, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान का प्रायोजक रह चुका है। अमूल दूध अब अमेरिका में भी बेचा जाता है। अमूल के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने एक बयान में कहा, ‘अमूल दूध की गुणवत्ता से अमेरिकी क्रिकेट टीम दुनिया भर में दिल जीत सकेगी। हम टीम को आगामी टी20 विश्व कप के लिए शुभकामना देते हैं।’

### एबीडि ने कोहली की आलोचना करने वालों पर निशाना साधा



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में पावरप्ले के इतर विराट कोहली के स्ट्राइक रेट की आलोचना करने वाले ‘आंकड़ों से प्रेरित’ क्रिकेट विशेषज्ञों पर निशाना साधा। कोहली ने मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 147 के स्ट्राइक रेट और 77 की औसत से 500 रन बनाए हैं। वह सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ‘विराट कोहली की स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना हो रही है, यह बहुत लंबे समय से चल रहा है और मैं अब इससे तंग आ चुका हूं। मैं कम से कम इतना तो कह सकता हूं कि मैं निराश हूं। यह खिलाड़ी क्रिकेट खेलने वाले अब तक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है। वह आईपीएल में अविश्वसनीय है, वह आरसीबी के लिए एक निश्चित भूमिका निभाता है।’

# भारत ने बांग्लादेश से जीती सीरीज टी20 में बनाई 3-0 की अजेय बढ़त

एजेंसी ▶▶ सिलहट

गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के अर्धशतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में गुरुवार को यहां बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली। बांग्लादेश के 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली (51 रन, 38 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक और स्मृति मंधाना (47 रन, 42 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पहले विकेट की 12.1 ओवर में 91 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।



**राधा यादव ने 22 रन देकर चटकाए दो विकेट**

इस साल टी20 महिला विश्व कप बांग्लादेश में ही होना है और इसलिए भारतीय टीम का यह प्रदर्शन काफी महत्वपूर्ण है। बांग्लादेश की टीम इससे पहले सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर (25 गेंद में 39 रन) और कप्तान निगार सुल्ताना (28) की उम्दा पारियों के बावजूद 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी। भारत की ओर से । रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका पाटिल को एक-एक विकेट मिला।

### जफर टी20 विश्व कप में कनाडा टीम के कप्तान

**टोरंटो।** कनाडा पहली बार पुरुष टी20 विश्व कप में खेलेगा और पाकिस्तानी मूल के साद बिन जफर को जून में होने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम की कमान सौंपी गई है। टीम में अधिकांश खिलाड़ी भारतीय या विदेशी मूल के हैं। कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, अमेरिका और आयरलैंड के साथ रखा गया है। कनाडा को पहला मैच एक जून को डल्लास में अमेरिका से खेलना है। पिछले साल आईसीसी टी20 विश्व कप अमेरिकास क्षेत्र के फाइनल में बरमूडा को हराकर कनाडा ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था।

**कनाडा टीम :** साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डिलोन हेलाइगर , दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गोर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ठाकुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टोन, परगट सिंह, रविंदर पाल सिंह, रयान खान पठान, श्रेयस मोवा।

### मैड्रिड ओपन : रुबलेव से हारे अल्काराज



**मैड्रिड।** कार्लोस अल्काराज का लगातार तीसरा मैड्रिड ओपन जीतने का सपना टूट गया जब क्वार्टर फाइनल में उन्हें आंद्रेइ रूबलेव ने तीन सेटों में हरा दिया। स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज की शुरुआत अच्छी रही लेकिन वह सातवीं वरीयता प्राप्त रुबलेव से 6-4, 3-6, 2-6 से हार गए। बाजू में चोट के कारण मोंटे कार्लो और बार्सीलोना में नहीं खेल सके अल्काराज का उसके बाद यह पहला टूर्नामेंट है। अन्य मैचों में टेलर फ्रिट्ज ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 3-6, 6-3 से हराया। अब वह सेमीफाइनल में रुबलेव से खेलेंगे। महिला वर्ग में गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने 17 वर्ष की मीरा आंद्रिवा को 6-1, 6-4 से हराया।

### सलीमा ने कहा- मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई

# सविता की बजाय सलीमा को मिली हॉकी टीम की कप्तानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है।

सलीमा ने कहा, ‘मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है।’ बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है।



**भारतीय महिला टीम**

**गोलकीपर :** सविता, बिछू देवी खारीबाम।
**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी।
**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी
**फॉरवर्ड :** मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग।

# मीर पाक टीम से बाहर हारिस रऊफ की वापसी



एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखलाओं के लिए लेग स्पिनर उसामा मीर को टीम में जगह नहीं दी है जबकि तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की वापसी हुई है। पाकिस्तान की विश्व कप टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ प्रदर्शन के आधार पर चुनी जाएगी।

**टीम इस प्रकार**

*बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान, आजम खान, सईम अयूब, फखर जमां, इफ्तिखार अहमद, इरफान खान नियाजी, अबरार अहमद, हसन अली, हारिस रऊफ , शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद आमिर, इमाद वसीम, नसीम शाह, शादाब खान, उस्मान खान, अब्बास अफरीदी और आगा अली सलमान।*

## चिंतन

# जीएसटी में अगले दौर के सुधार वक्त की जरूरत

भा देश में जारी आम चुनाव के दौरान रिकार्ड जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े ने सरकार को आर्थिक मोर्चे पर राहत दी है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले माह अप्रैल में रिकार्ड 2.10 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन ने नए वित्त वर्ष की शानदार शुरूआत की है। सालाना आधार पर यह 12.4 फीसदी बढ़ोत्तरी है। इससे पहले सबसे अधिक कलेक्शन 1.87 लाख करोड़ रुपये का था, जो संयोग से वित्त वर्ष 2023-24 के पहले माह अप्रैल में हुआ था। पिछले वर्ष की समान अवधि यानी अप्रैल 2023 की तुलना में ये 17.1 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले महीने मार्च 2024 में, जीएसटी कलेक्शन 1.78 लाख करोड़ रुपये रहा था। महीने-दर-महीने आधार पर कलेक्शन में 18 फीसदी का इजाफा है। सरकार ने 18 हजार करोड़ के रिफंड जारी किए। रिफंड के बाद, अप्रैल 2024 के लिए नेट जीएसटी राजस्व 1.92 लाख करोड़ रुपये रहा। यह अप्रैल, 2023 की तुलना में 15.5 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी के बीच घरेलू लेन-देन और आयात में मजबूत वृद्धि के दम पर जीएसटी संग्रह ने यह रिकार्ड बनाया है। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 को देखें तो इस वर्ष जीएसटी कलेक्शन 20.18 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में 20 लाख करोड़ रुपये रहा था। वर्ष 2017 में जीएसटी लागू हुआ था, तब से सालाना दर सालाना जीएसटी कलेक्शन में वृद्धि हो रही है। रिकार्ड जीएसटी कलेक्शन मजबूत अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। जीएसटी ने अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में व्यापक स्तर पर पारदर्शिता लेकर आई है। अभी जीएसटी के चार स्लैब हैं, 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी व 28 फीसदी। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने वर्ष 2000 में जीएसटी पर अध्ययन के लिए एक समिति बनाई थी। उसमें एक टैक्स स्लैब की बात थी। जीएसटी पर राजनीतिक सहमति बनाने में 17 वर्ष लग गए। शुरू में इसे बहुत जटिल कर प्रणाली समझा गया, लेकिन इसमें सुधार होता गया, अभी यह अप्रत्यक्ष कर संग्रह का रिकार्ड बना रहा है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में अभूतपूर्व वृद्धि आर्थिक गतिविधियों में तेजी और टैक्स कलेक्शन में दक्षता के चलते हुई है। नए वित्त के पहले महीने में कई ऐसे संकेतक हैं, जो अर्थव्यवस्था की मजबूती की ओर संकेत कर रहे हैं। लोगों ने एसी और शीतल पेय पर अधिक खर्च किया है। पेट्रोल की बिक्री में 12.3 फीसदी की वृद्धि हुई है। एलपीजी की बिक्री सालाना आधार पर 12 फीसदी बढ़कर 24.5 लाख टन पहुंच गई है। बिजली की खपत 11 फीसदी बढ़ी है। थोक व खुदरा महंगाई दर नियंत्रण में हैं, हालांकि खाद्य महंगाई दर उच्च स्तर पर बनी हुई है। घरेलू और ग्लोबल वित्तीय व रेटिंग एजेंसियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि को लेकर सकारात्मक है। शेयर बाजार में सेंसेक्स व निफ्टी दोनों सूचकांक सर्वकालीन उच्च स्तर पर कारोबार किया है। सोने के भाव उच्च रहने के बावजूद भारत में सोने के आयात में वृद्धि हुई है। ये सभी दर्शाते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है। चुनावी वर्ष होने के चलते पूंजी बाजार में लिक्विडिटी बनी रहेगी। मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था में अधिक से अधिक पारदर्शिता लेकर आई है, इसका सकारात्मक असर दिख रहा है। जीएसटी संग्रह में लगातार उछाल को देखते हुए अब सरकार को जीएसटी सुधार 2.0 की शुरूआत करनी चाहिए। केंद्र में नई सरकार बनने के बाद जितनी जल्दी संभव हो, जीएसटी में अगले चरण का सुधार करना चाहिए। चार के बजाय तीन स्लैब किए जाने चाहिए। पेट्रो उत्पाद, एटीएफ, नेचुरल गैस आदि को जीएसटी के दायरे में लाने का साहसिक प्रयास होना चाहिए।

## दरकार



विवेक शुक्ला

# प्रचार में फर्जी वीडियो जारी करने वालों पर लगाम लगे

लो कसभा चुनाव के कैंपेन ने अचानक गंभीर मोड़ ले लिया है। कैंपेन के दौरान आरोप-प्रत्यारोप तो लगते हैं। इसे कोई बुरा नहीं मानता, पर कोई दल चुनाव जीतने के लिए अपने विरोधियों के खिलाफ 'डीपफेक' प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके फर्जी वीडियो जारी करे यह तो सही नहीं माना जा सकता। ताजा मामले में देश के गृह मंत्री अमित शाह ही डीपफेक' प्रौद्योगिकी का शिकार हो गए हैं। अमित शाह ने बीती 25 अप्रैल को तेलंगाना के मेडक जिले के सिद्दीपेट में भाजपा की चुनावी रैली में भाषण दिया था। इस भाषण के वीडियो को कथित तौर पर छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। फैक्ट चेक में ये वीडियो एकदम फर्जी साबित हुआ है। इस फर्जी वीडियो में गृहमंत्री अमित शाह अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को खत्म करने की घोषणा करते हुए कथित तौर पर नजर आ रहे हैं। अब जरा सोचिए कि क्या कोई व्यक्ति देश में उपर्युक्त वर्गों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म कर सकता है? दरअसल अमित शाह के एक पुराने वीडियो को एडिट किया गया है, जिसमें वो मुस्लिम आरक्षण खत्म करने की बात कह रहे थे। इस ओरिजनल वीडियो में मुस्लिम की जगह एसटी और एसटी को जोड़ दिया गया है। हालांकि सवाल उठता है कि ऐसा कैसे संभव है कि फेक वीडियो बिल्कुल असली लग रहा है? जैसा कि मालूम है कि इन दिनों मार्केट में मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का इस्तेमाल बढ़ गया है। इस तकनीक में किसी के बोलने के लहजे और उसकी आवाज को मशीन लर्निंग की मदद से कैप्चर किया जाता है। दरअसल नई प्रौद्योगिकी की मदद से किसी वीडियो में ऐसे व्यक्ति के चेहरे को फिट किया जाता है जो उस वीडियो का हिस्सा ही नहीं होता। इस तकनीक के माध्यम से छेड़छाड़ कर बनाए गए वीडियो में असली और नकली का अंतर बता पाना मुश्किल होता है। जिस भी नेता या सियासी दल ने अमित शाह को आरक्षण खत्म करने की घोषणा करते हुए दिखाने वाले फर्जी वीडियो बनवाए और जारी करवाए उसने समाज में वैमनस्य फैलाने का कितना गंभीर कृत्य किया है। जाहिर है कि गृह मंत्रालय की शिकायत के आधार पर दिल्ली पुलिस उन शरारती तत्वों पर एक्शन ले रही है जो इस मामले में फंसे हुए हैं। दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत राज्य कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं को भी पूछताछ के लिए तलब किया है। लग यही रहा है कि इस सारे मामले के तार बहुत दूर-दूर तक फैले हुए हैं। अहमदाबाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले असम पुलिस ने भी इसको लेकर एक शख्स को गिरफ्तार किया था। दरअसल अमित शाह के खिलाफ डीपफेक केस की शिकायत भाजपा की मुंबई इकाई के पदाधिकारी प्रतीक करपे ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एक बात समझ लें कि अगर डीपफेक या किसी अन्य तकनीक से अपने विरोधियों को बदनाम करने वालों पर कठोर एक्शन नहीं लिया गया तो फिर हालात काबू से बाहर होने लगेंगे। समाज में विभिन्न वर्गों में प्रेम और सदभाव खत्म हो जाएगा। लोकतंत्र की जान है स्वस्थ बहस और वाद- विवाद। इसमें ओछी हरकतों के लिए किसी को स्पेस नहीं मिलना चाहिए। अमित शाह चूंकि भाजपा के शिखर नेता हैं और उनके साथ जो खेल किया गया है उसके बाद भाजपा के नेता कहने लगे हैं कि कुछ समय पहले तक विपक्ष सत्ता पक्ष के खिलाफ केवल मौखिक आरोप ही लगाता था, लेकिन अब कुछ दल और उनके नेता तकनीक का सहारा लेकर भाजपा के शीर्ष नेताओं को बदनाम करने की साजिश रचने में जुट गए हैं। आजकल चल रही लोकसभा चुनावों के कैंपेन में यह भी बहुत बड़े स्तर पर कहा जा रहा है कि भाजपा देश के संविधान को खत्म कर देगी। जरा सोचिए कि क्या बाबा साहेब अंबेडकर की सरपरस्ती में तैयार भारत के संविधान को कोई बदलाव कर सकता है? यह नामुमकिन है। सारा देश बाबा साहेब को अपना आदर्श मानता है और उनसे प्रेरणा पाता है, इसलिए यह आरोप नहीं लगने चाहिए कि अगर भाजपा तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आई तो उसका इरादा संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने का है। हालांकि पिछले कुछ दशकों में दुनिया में तकनीकी विकास तेजी से हुआ है। फिलहाल सरकार को डीपफेक प्रौद्योगिकी का समाज को तार-तार करने वालों पर कठोर एक्शन लेना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## अर्थव्यवस्था

सतीश सिंह

# फ्रीबिज पर रोक लगाने की जरूरत

**फ्रीबिज (मुफ्त उपहार) या रेवड़ी संस्कृति की नीति से सरकार को बचना चाहिए, क्योंकि आजकल राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए वोटरों को मुफ्त बिजली, मुफ्त पेयजल, बेरोजगारों को मासिक भत्ता, लैपटॉप, स्मार्टफोन, साइकिल आदि देने का लालच देकर अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं और सत्ता में आने के बाद वादों को पूरा करने के लिए सरकारी खजाने को खाली कर देते हैं, जिससे सरकार का वित्तीय अनुशासन नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है और फ्रीबिज पर पैसे खर्च किए जाने के कारण विकासात्मक कार्यों का धक्का लगता है। यदि फ्रीबिज ये लाभ नहीं होता तो उन्हें ऐसे लोक लुभावन वादों के झांसे में नहीं आना चाहिए।**

रि जर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने फ्रीबिज (मुफ्त उपहार) या रेवड़ी संस्कृति की नीति से सरकार को बचने की सलाह दी है, क्योंकि आजकल राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए वोटरों को मुफ्त बिजली, मुफ्त पेयजल, बेरोजगारों को मासिक भत्ता, लैपटॉप, स्मार्टफोन, साइकिल आदि देने का लालच देकर अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं और सत्ता में आने के बाद वादों को पूरा करने के लिए सरकारी ख़जाने को खाली कर देते हैं, जिससे राज्य और केंद्र सरकार का वित्तीय अनुशासन नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है और फ्रीबिज पर पैसे खर्च किए जाने के कारण विकासात्मक कार्यों का धक्का लगता है अर्थात सड़क, स्कूल, अस्तपताल, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था सरकार नहीं कर पाती है, जिससे आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं।

फ्रीबिज के चक्कर में राज्य सरकारें राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम (एफआरबीएम) की सीमा का उल्लंघन करती हैं, जो राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य के लिए घातक होता है। एफआरबीएम अधिनियम के तहत यह सुनिश्चित किया जाता है कि राजस्व घाटा, राजकोषीय घाटा, कर राजस्व और कुल बकाया देनदारियां निर्धारित सीमा से अधिक नहीं हो। अगर ऐसा करना जरूरी हो तो वह सिर्फ आपदा की स्थिति में ही किया जाना चाहिए। सुब्बाराव का कहना है कि फ्रीबिज के कारण कुछ राज्य सरकारें एफआरबीएम की सीमा का उल्लंघन कर रही हैं, जिसके कारण राज्य सरकारें कर्ज के दलदल में फंसती जा रही हैं, इसलिए राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को वित्तीय अनुशासन बनाकर रखना चाहिए। सुब्बाराव के अनुसार मोदी सरकार को फ्रीबिज को रोकने के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनानी चाहिए और जरूरत पड़ने पर मामले में श्वेत पत्र पेश करने से भी नहीं हिचकिचाना चाहिए। इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों के बीच गहन और सारगर्भित बहस की जानी चाहिए और फ्रीबिज को रोकने के लिए ठोस नीति बनाकर जल्द अमल में लाना चाहिए। आम जनता को मुफ्त उपहारों की लागत और लाभ के बारे में भी जागरूक किया जाना चाहिए। यह सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह इस बारे में लोगों को कैसे शिक्षित करती है? वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में लोकसभा में श्वेत पत्र के माध्यम से संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल की नाकामियों और मोदी सरकार के 10 सालों के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा था, ताकि आम जनता यह तय कर सके कि कौन सी सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान आम जनता, समाज और देश की बेहतरी के लिए शिद्दत से प्रयास किया है। आमतौर पर श्वेत पत्र के जरिये सरकार कानून पेश करने से पहले नीतिगत प्राथमिकताएं प्रस्तुत करती है और इसकी मदद से विवादास्पद नीतिगत मुद्दों पर जनता की राय ली जाती है। उल्लेखनीय है कि सुब्बाराव से पहले भी मामले में सर्वोच्च अदालत सरकार को फ्रीबीज को बंद करने के लिए नसीहत दे चुकी है।




सर्वोच्च अदालत ने बीते महीनों, केंद्र सरकार से पूछा था कि क्या चुनाव अभियानों के दौरान फ्रीबिज के लिए वादा करना और सत्ता में आने के बाद उसे अमलीजामा पहनाना आर्थिक रूप से व्यवहार्य है?


फ्रीबिज से अर्थव्यवस्था का बुनियादी ढांचा कमजोर होता है और सरकार को अपनी व्यय प्राथमिकताओं में से विकास की प्राथमिकता से किनारा करना पड़ता है। राज्यों के राजस्व के स्रोत सीमित होते हैं, इसलिए राज्यों का बजट फ्रीबिज के कारण बेपटरी हो जाता है। आज कई राज्य सरकारें कर्ज में तय सीमा से अधिक डूबी हुई हैं। पंजाब ने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 53.3 प्रतिशत कर्ज ले रखा है,जो कर्ज लेने वाले सभी राज्यों से सबसे ज्यादा है। केंद्रीय बैंक के अनुसार किसी भी राज्य पर उसकी जीएसडीपी के 30 प्रतिशत से अधिक कर्ज नहीं होना चाहिए। पंजाब के अलावा अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गोवा, हिमाचल, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल पर भी उनके जीएसडीपी से बहुत ज्यादा कर्ज है। फ्रीबिज स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करता है, जिससे सही प्रतिनिधि संसद या विधानसभा में नहीं जा पाते हैं। फलतः आम जनता, समाज और देश के लिए समीचीन कानून का निर्माण नहीं हो पाता है। यूरोप के कुछ देश फ्रीबिज संस्कृति की वजह से ही आज आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। हमारे पड़ोसी देश श्रीलंका और पाकिस्तान का भी इसी फ्रीबिज संस्कृति के कारण बुरा हाल है। बीते महीनों कर्नाटक में हजारों करोड़ रुपये चुनाव में किए वादों को पूरा करने में खर्च किए गए, जिसके कारण सरकार के एक मंत्री को कहना पड़ा कि सरकार के पास विकासात्मक कार्यों को पूरा करने के लिए पैसे नहीं हैं। मामले में जन-कल्याणकारी योजनाओं और लोक-लुभावन योजनाओं के बीच के अंतर को पारिभाषित करने की जरूरत है। इस क्रम में सब्सिडी को फ्रीबिज नहीं माना जाना चाहिए। सब्सिडी किसी भी क्षेत्र विशेष में कम विकास की स्थिति को बेहतर करने के लिए दी जाती है। भारत में आज भी कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। लिहाजा,उपेक्षित क्षेत्र में विकास को सुनिश्चित करने के लिए सब्सिडी देना जरूरी है। उदाहरण के तौर पर अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए घरों की छतों पर या दूसरी जगहों पर सौर पैनेल स्थापित करने के लिए सब्सिडी दी जा रही है। यह नियम भी बनाना चाहिए कि बजट का कितना प्रतिशत जन-कल्याणकारी कार्यों पर खर्च किया जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिन जन-कल्याणकारी योजनाओं पर पैसे खर्च किए गए हैं, क्या उससे आम जनता लाभान्वित हुई है? अगर किसी जन-कल्याणकारी योजना से आम जनता को कोई लाभ नहीं हुआ है या उनके जीवन स्तर में कोई सुधार नहीं हुआ है तो वैसी योजनाओं को जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है। आम जनता को भी आत्मावलोकन करने की जरूरत है कि फ्रीबिज से उन्हें लाभ हो रहा है या नहीं, यदि नहीं, तो उन्हें ऐसे लोक लुभावन वादों के झांसे में नहीं आना चाहिए। लैपटॉप, स्मार्टफोन या साइकिल की ज्यादा उम्र नहीं होती है, लेकिन विकासात्मक कार्यों को लागू करने से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित होंगे।

सरकार को फ्रीबिज के अलावा कोरपोरेट्स को भी वैसी योजनाओं का लाभ देने से बचना चाहिए, जिनका बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जा रहा है। उदाहरण के तौर विकास की गति को तेज करने के लिए या किसी क्षेत्र विशेष को प्रोत्साहित करने के लिए बड़े-बड़े कॉरपोरेट्स को अक्सर कर और ब्याज दर में छूट दी जाती है, लेकिन अनेक कॉरपोरेट्स ऐसे लाभों का दुरुपयोग करते हैं, जिन पर अंकुश लगाने की जरूरत है। कहने का तात्पर्य है कि सरकार कोई भी खर्च करे तो उसका सकारात्मक योगदान देश और समाज के विकास को सुनिश्चित करते हुए अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में हो।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# अहिंसा के प्रयोग




संकलित

**दर्शन**

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

# तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित

**प्रेरणा**

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते हैं कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चुका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मैं तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करें तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### डरने की जरूरत नहीं है

वैश्विक महामारी कोरोना ने जब सारी दुनिया को दहशत में डाल दिया था, अमरीका, जर्मनी और अन्य बड़े बड़े देश भी इस महामारी से दहशत में आ गए थे और सारी दुनिया ने इससे बचने के लिए लॉकडाऊन लगा दिया था। उस दहशत भरे माहौल में दुनिया यह कह रही थी कि जल्दी से जल्दी इससे निपटने के लिए कोई दवा तैयार होनी चाहिए, इसके लिए लगभग सभी देशों ने प्रयास भी किए, बहुत से एक्सपेरिमेंट भी किए और वैज्ञानिकों ने इसका टीका तैयार कर लिया। एस्ट्राजेनेका कंपनी ने इसकी कोव वैक्सीन तैयार की और इसे दुनिया के दूसरे देशों तक भी पहुंचाया गया। अब यह वैक्सीन फिर से सुर्खियों में है। इसकी वजह यह है कि एक ब्रिटिश नागरिक ने अपने यहां केस दर्ज करते हुए कहा है कि उसे इससे साइड इफेक्ट्स हुए हैं।

*– महेश काले, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# जेल की चेतावनी, ट्रंप ने जज को कुटिल कहा



अदालत की अवमानना के मामले में दोषी ठहराए जाने और इस बारे में कुछ न कहने के 'गैग आदेश' का उल्लंघन करने पर जेल जाने की चेतावनी दिए जाने के एक दिन बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने खिलाफ रिश्वत मामले में सुनवाई कर रहे न्यायाधीश को 'कुटिल' कहा। 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को, उन दोनों के कथित अवैध संबंधों के बारे में चुप्पी साधने के बदले 130,000 डॉलर की रिश्वत देने का तथा इस राशि के भुगतान को छिपाने के लिए कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। मामले की सुनवाई कर रहे जज ने मंगलवार को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को गैग आदेशों (विचाराधीन मामले में बयानबाजी करने की मनाही) के उल्लंघन का दोषी ठहराते हुए उन पर नौ हजार डॉलर का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना चुप रहने के लिए धन देने के मामले में गवाहों, ज्यूरी और अन्य के संबंध में सार्वजनिक बयान देने से रोकने वाले 'गैग आदेश' का लगातार उल्लंघन करने पर लगाया गया। ट्रंप के 'ट्रुथ' सोशल मीडिया खाते और प्रचार वेबसाइट पर पोस्ट के लिए जुर्माना लगाते हुए न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने कहा था कि यदि ट्रम्प ने उनके आदेशों का उल्लंघन करना जारी रखा, तो वह जेल जांएगे।

## ऑफ बीट

# बच्चों को दूध पिलाने के बाद क्या डकार दिलवाना जरूरी



माता-पिता को अक्सर अपने बच्चों को दूध पिलाने के बाद डकार दिलवाने की सलाह दी जाती है। कुछ लोग सोचते हैं कि दूध पिलाने के बाद डकार लेना, बच्चे के रोने की असुविधा को कम करने या रोकने के लिए, या दूध पिलाने के बाद बच्चे द्वारा दूध उगलने की आशंका को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। यह सच है कि बच्चे, वयस्कों की तरह, खाते समय हवा निगलते हैं। डकार लेने से यह हवा हमारे पाचन तंत्र के ऊपरी हिस्से से बाहर निकलती है। इसलिए जब कोई बच्चा दूध पीने के बाद रोता है, तो कई लोग यह मान लेते हैं कि ऐसा इसलिए है क्योंकि बच्चे को 'डकार दिलवाने' की ज़रूरत है। हालाँकि, यह आवश्यक रूप से सत्य नहीं है। दूध पीने के बाद बच्चे क्यों रोते हैं या 'दूध गिराते' हैं? बच्चे कई कारणों से रोते हैं जिनका 'फँसी हुई हवा' से कोई लेना-देना नहीं है। वे तब रोते हैं जब वे भूखे, ठंडे, गर्म, डरे हुए, थके हुए, अकेले, परेशान होते हैं, उन्हें शांत होने के लिए बड़ों की मदद की ज़रूरत होती है, असुविधा या दर्द में, या कभी बिना किसी पहचाने जाने योग्य कारण के। वास्तव में, हमारे पास बिना किसी ज्ञात कारण के रोने का नाम है; इसे 'कॉलिक' कहा जाता है।

## ट्रेंड

### कांग्रेस को तीन चुनौतियां



कांग्रेस का शाही परिवार और उसके दरबारी मोदी पर चाहे जितना भी गुस्सा निकालें और गाली दें, लेकिन ये मोदी की गारंटी है। मेरी कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम को तीन चुनौतियां हैं। हमने लव जिहाद और लैंड जिहाद सुना था। अब कांग्रेस गठबंधन ने वोट जिहाद का नारा दिया है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### निरंतर गतिमान रहें



बड़े लक्ष्य की संप्राप्ति छोटे-छोटे प्रयत्नों से होती है अत: निरंतर गतिमान रहें। आरंभ करना सदा ही कठिन और चुनौतीपूर्ण रहा है। जैसे ही साधक बाधाओं से प्रभावित होकर श्रम बंद कर देता है उसी क्षण उसकी जीवन यात्रा संकुचित हो जाती है।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### कम मतदान से चिंतित



आपके पत्र से पता चल रहा है कि आप चुनाव के पहले दो चरणों में कम मतदान से चिंतित हैं। यह दर्शाता है कि लोग आपकी नीतियों या आपके चुनावी भाषणों को लेकर उत्साहित नहीं हैं। दरअसल ऐसा गर्मी की वजह से नहीं हो रहा है, आपकी नीतियों से गरीब झुलस गए हैं।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### पिक्चर रिलीज़ न होने दें



मोदी ने कहा "ये तो ट्रेलर है" जरा सोचिए अगर ये ट्रेलर है तो पिक्चर कितनी भयावह होगी? कृपया पिक्चर रिलीज़ होने से रोक दो भाइयों। संविधान की धज्जियां उड़ाई गई। विश्वविद्यालय हो या बीजेपी सरकारें आरक्षण में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक़ मारा।

**-संजय सिंह, आप नेता**

**हमारा पता**

**हरिभूमि कार्यालय**

नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com





## फ्रेस्नो गोलीबारी कांड में मारा गया व्यक्ति गोल्डी बराड़ नहीं

### यह घटना मूसेवालाकांड से जुड़े मामले से संबंधित नहीं

भाषा ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य की पुलिस ने इन खबरों को खारिज किया है कि फ्रेस्नो शहर में हुई गोलीबारी में मारा गया व्यक्ति कनाडा निवासी आतंकी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ था। बराड़ को पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की घटना का मास्टरमाइंड बताया जाता है। फ्रेस्नो बी अखबार की खबर के अनुसार, पुलिस ने बुधवार को कहा कि फेयरमोंट-होल्ट एवेन्यू की एक गली में गैंगवार की घटना में मारे गए व्यक्ति की पहचान 37 वर्षीय जेवियर ग्लैडनी के रूप में हुई है। पुलिस ने यह भी कहा कि यह घटना भारत में हुई मूसेवाला की हत्या से जुड़े मामले से संबंधित नहीं है। इसने कहा कि भारतीय मीडिया में बुधवार को अटकलें लगाई गईं कि घटना में मारा गया व्यक्ति मूसेवाला की हत्या की घटना का मास्टरमाइंड बराड़ था। अखबार के अनुसार, फ्रेस्नो पुलिस ने कहा कि विभाग को अंतरराष्ट्रीय मीडिया से कई कॉल आ रही हैं और अधिकारी भारत तथा अमेरिका में हुई घटनाओं के बीच संबंध की बात को खारिज करने पर कार्य कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मंगलवार शाम 5:30 बजे फेयरमोंट-होल्ट की संबंधित गली में पहुंचे। अधिकारियों को घटनास्थल पर ग्लैडनी घायल अवस्था में मिला जिसे गोली लगी थी। उसकी मौत हो गई और घटना में 13 वर्षीय बच्चे भी घायल हुआ है।


भारतीय मीडिया में मौत की अटकलें लगाई गईं

## मणिपुर के चुराचांदपुर में हथियारबंदों ने बैंक लूटा

**इंफाल(भाषा)।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में बृहस्पतिवार को एक बैंक लूट लिया गया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। उन्होंने बताया कि यह घटना दोपहर करीब दो बजे तुईबोंग इलाके में एसबीआई की सालबुंग शाखा में हुई। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि चार हथियारबंद लोगों ने लगभग 20 लाख रुपये नकद लूट लिए, जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। अधिकारियों ने कहा कि जांच चल रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि डकैती के बाद, नकाब और हेलमेट पहने हुए हथियारबंद लोग कांगवई की ओर भाग गए। अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए उनकी तलाश की जा रही है।

## यूएई में मौसम फिर खराब, कई उड़ानें रद

भाषा ▶▶| दुबई

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में बृहस्पतिवार को भारी बारिश और आंधी के कारण कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। इससे दो सप्ताह पहले दुबई में आए अभूतपूर्व तूफान के चलते कई दिन तक जन-जीवन अस्त व्यस्त रहा था। बुधवार को देश के राष्ट्रीय आपात संकट एवं आपदा मोचन प्राधिकरण (एनसीईएमए) ने हालात से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दीं। हालांकि इन बारिश के पिछले महीने हुई अभूतपूर्व बारिश की तुलना में कम गंभीर रहने का अनुमान है, लेकिन फिर भी लोगों से ऐहतियात बरतने का आग्रह किया गया है। इससे पहले 14-15 अप्रैल को भीषण बारिश के चलते अरब प्रायदीप के क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए थे। इस दौरान दुबई में 1949 के बाद से सबसे अधिक बारिश हुई थी। दुबई की 'एमिरेट्स एयरलाइन' ने संयुक्त अरब अमीरात में खराब मौसम के कारण बृहस्पतिवार को कई उड़ानें रद्द करने की घोषणा की। दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएक्सबी) पर आवाजाही कम हो गई है। एमिरेट्स ने एक बयान में कहा, रदो मई को दुबई हवाई अड्डे पर यात्रियों को कुछ प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है क्योंकि उड़ानें पुनर्निधारित की गई हैं।

**एनसीईएमए ने हालात से निपटने के लिए तैयारियां तेज कीं**




## पुलिस ने कैलिफोर्निया विवि में तंबुओं को हटाना शुरू किया

एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिलिस

- फिलिस्तीन समर्थक छात्र आंदोलन, 1300 लोग गिरफ्तार
- प्रदर्शनकारियों ने हटने की पुलिस की अपील को ठुकराया

पुलिस ने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिलिस (यूसीएलए) परिसर में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के शिविर से बृहस्पतिवार को बैरिकेड हटा दिये और अब उनके तंबुओं को हटाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। उधर पुलिस ने अब तक करीब 1300 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से करीब 24 घंटे पहले, परिसर में फलस्तीन समर्थक और इजराइल समर्थक प्रतिद्वंद्वी समूहों में झड़प हुई थी। अधिकारियों ने बुधवार देर रात यह अभियान शुरू किया। प्रदर्शनकारियों ने वहां से हट जाने की पुलिस की अपील को ठुकरा दिया। अधिकारियों ने लाउड स्पीकर के जरिये प्रदर्शनकारियों से वहां से हटने की अपील की। साथ ही नहीं हटने की स्थिति में गिरफ्तारी की धमकी दी।

## राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उगला जहर
## जेनोफोबिया ने भारत के 'विकास' को रोक लिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि जेनोफोबिया ने भारत, चीन, रूस और जापान जैसे देशों के विकास को रोक दिया है, जबकि अप्रवासियों ने संयुक्त राज्य अमेरिका को मजबूत बनाया है। जो बाइडेन ने कहा कि चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रुक रहा है, जापान को क्यों परेशानी हो रही है, रूस और भारत में ऐसा हाल क्यों है,क्योंकि वे जेनोफोबिया हैं। वे अप्रवासी नहीं चाहते। अप्रवासी ही हमें मजबूत बनाते हैं। बाइडेन राष्ट्रपति चुनाव की कैंपेनिंग शुरू कर चुके हैं और वॉशिगंटन में चंदा जुटाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे, जहां उन्होंने कहा, ये देश विदेशी लोगों को अपने देश में नहीं चाहते हैं, इसीलिए इन देशों का विकास रूक गया है। बाइडेन ने कहा कि कि हमारी अर्थव्यवस्था के बढ़ने का एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं।

## अप्रैल में 77 आतंकी हमलों से थर्राया पाक, 70 की जान गई

### थिंक टैंक की सुरक्षा आकलन रिपोर्ट में दावा

भाषा ▶▶| इस्लामाबाद

इस्लामाबाद स्थित एक थिंक टैंक की सुरक्षा आकलन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मार्च महीने में 56 आतंकी हमले होने के बाद पाकिस्तान में अप्रैल में अलग-अलग स्थानों पर 77 हमले हुए जिनमें 70 लोगों की जान चली गई। डॉन न्यूज़ की खबर में बृहस्पतिवार को कहा गया है कि "पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉनफ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज" (पीआईसीएसएस) की रिपोर्ट के अनुसार, हमले में खैबर पख्तूनख्वा में भारी नुकसान हुआ है। इन हमलों में 35 नागरिक और 31 सुरक्षा कर्मियों समेत 70 लोग मारे गए हैं। खबर में कहा गया है कि रिपोर्ट के अनुसार, हमलों के दौरान चार आतंकी मारे गए और 32 नागरिक तथा 35 सुरक्षा कर्मी हमले में घायल हुए हैं। तुलनात्मक रुप से, मार्च में 56 आतंकी हमले हुए जिनमें 77 मौत हुईं और 67 लोग घायल हुए थे।

### आतंकी हमलों में 38 प्रतिशत वृद्धि

इससे पाकिस्तान में आतंकी हमलों में 38 प्रतिशत वृद्धि का संकेत मिलता है। हालांकि मृत्यु दर में नौ प्रतिशत की कमी देखी गई है लेकिन घायलों की संख्या कोई बदलाव नहीं हुआ है। सुरक्षा रिपोर्ट में पूरे महीने संभावित हमलों को नाकाम करने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा किए गए प्रयासों को भी रेखांकित किया गया है। हमले के दौरान सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम 55 संदिग्ध आतंकी मारे गए और 12 गिरफ्तार किए गए हैं।




**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9813974232; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **SHAHBAD:** Basant Honda - 9416155053; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 9215593704; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9878885615; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25